


दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, चुरू, नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 32 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, शुक्रवार 21 फरवरी, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2


## मुख्यमंत्री भजनलाल ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई



जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने रेखा गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट कर दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

### रेखा ने ली सीएम पद की शपथ

# रेखा बदलेगी दिल्ली की भाग्य-रेखा

## अब दिल्ली को मॉडल स्टेट बनाएगी भाजपा



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। भाजपा और उसके सहयोगी दल इस समय देश के 20 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में सरकार चला रहे हैं। अकेले भाजपा ही 15 राज्यों में सत्ता में है। भाजपा नेता केंद्र सरकार को अपना सबसे बेहतरीन राजनीतिक मॉडल बताते हैं। पार्टी नेताओं का दावा है कि केंद्र सरकार समाज के सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देते हुए देश को लगातार आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ा रही है। राज्यों के स्तर पर गुजरात और यूपी की भाजपा सरकारों ने अपने कामकाज से अलग छाप छोड़ी है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने गुजरात मॉडल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बना दिया था। आज भी गुजरात सबसे तेज विकास कर रहे राज्यों में अग्रणी है। वहीं, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी की अर्थव्यवस्था को बेहतर करते हुए अपराध पर लगाम लगाने का जो काम किया है, उसने उन्हें भाजपा के सबसे मजबूत नेताओं में लाकर खड़ा कर दिया है। दिल्ली कई मायनों में भाजपा की दूसरी सरकारों से बहुत अलग होगी। सरकार बनने के पहले दिन से माना जा रहा है कि जनता और विपक्ष दिल्ली सरकार के हर काम पर भाजपा आलाकमान की नजर रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद हर हलचल पर नजर रखेंगे। भाजपा केंद्र के साथ-साथ अब दिल्ली में भी सत्ता में आ चुकी है। जिस तरह की परिस्थिति बन रही है, वह दिल्ली नगर निगम में भी उसकी सत्ता में आती दिखाई दे रही है। नए समीकरणों में मेयर उसका बनना तय है। ऐसे में अब दिल्ली का विकास करने में किसी तरह की अड़चन नहीं है। दुनिया की दूसरी राजधानियों से तुलना करें तो विभिन्न सुविधाओं, परिवहन, ट्रैफिक व्यवस्था और साफ-सफाई के मामले में दिल्ली बहुत पिछड़ी है। अपनी किसी अच्छाई के कारण कम, यह अपने प्रदूषण के मामले में कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में बन जाती है। यमुना की गंदगी के मुद्दे को उठाकर ही भाजपा ने दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया है। यमुना की गंदगी को दूर करने का काम दिल्ली सरकार के लिए उतना ही ऊंचा है जितना गाजीपुर में कूड़े के पहाड़ को कम करना। मोदी के सामने दिल्ली की इस छवि को संवारने की बहुत बड़ी चुनौती है। गुजरात की गंदगी से बजबजाती नदी साबरमती से शानदार टूरिस्ट स्पॉट अटल फ्रंट बना चुके मोदी से दिल्ली के लोगों को वही उम्मीदें दिल्ली में भी हैं और स्वयं पीएम मोदी भी इस बात को जानते हैं।

**छवि बनाने का काम शुरू**

भाजपा भी इन चुनौतियों से वाकिफ है। यही कारण है कि शपथ ग्रहण के पहले ही दिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने मंत्रिमंडल के साथ यमुना के किनारे पर जाकर यमुना आरती करने जा रही हैं। इसके जरिए वे यह संदेश देने की कोशिश करेंगी कि भाजपा अपने वादों को पूरा करने के लिए तैयार है। इसकी शुरुआत यमुना से होगी जो दिल्ली के करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ी हुई है।

### न्यूज इनबॉक्स



## लोकसभा अध्यक्ष अपने ही संसदीय क्षेत्र के अधिकारियों से नाराज, लगाई फटकार

जयपुर टाइम्स

कोटा(निसं.)। संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी में अतिक्रमण मामले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कोटा विकास प्राधिकरण को फटकार लगाई और अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दरअसल, वह सरकारी जमीन पर बने मैरिज हॉल और होस्टल्स के मुद्दे से नाराज थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में केडीए और नगर निगम के अधिकारी मिलकर कार्य योजना बनाएं। बैठक के दौरान कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी, केडीए आयुक्त समेत अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

**पर्यटन कार्यों को प्रमुखता के साथ करने पर जोर**

उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर बनाए गए मैरिज हॉल और हॉस्टल्स के अतिक्रमण को हटाया जाए, जिससे शहर की सड़क दुरुस्त हो सके। इसके अलावा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाजा से करवाए जाने वाले कार्यों को प्रमुखता के साथ करने के भी निर्देश दिए। स्पीकर बिरला ने नगर निगम के अधिकारियों को कहा है। शहरवासियों को नगर निगम से संबंधित सभी कार्य सुगमता के साथ उपलब्ध हो। इसके लिए डिजिटल लेवल पर भी कार्य योजना तैयार की जाए। ताकि समय की भी बचत हो और शहरवासियों को नगर निगम की सेवाओं का फायदा मिलें।

**केडीए के कामों का देखा प्रेजेंटेशन**

बिरला ने कहा कि शहर की सड़कों पर सोने वाले लोगों को स्थाई आश्रय स्थल मिल सके। इस संबंध में आवश्यक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्राधिकरण की ओर से कोटा के विकास और मूलभूत सुविधाओं को लेकर करवाए जा रहे कामों का प्रेजेंटेशन भी देखा।

## केंद्रीय कर्मियों के महंगाई भत्ते में होली से पहले 2 फीसदी बढ़ोतरी संभव

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की है। एक जनवरी 2026 से सरकारी कर्मियों के वेतनमान रिवाइज होने हैं। उससे पहले सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत की दरों में बढ़ोतरी का इंतजार है। डीए/डीआर की दरों में जनवरी 2025 से वृद्धि होनी है। मौजूदा समय में 53 फीसदी की दर से डीए/डीआर मिल रहा है। अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) और महंगाई दर को देखें तो एक जनवरी से डीए/डीआर में पहले तीन फीसदी वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही थी। डीए की दर 56 प्रतिशत पर पहुंचने की उम्मीद थी। अब डीए/डीआर में दो फीसदी वृद्धि होने के आसार हैं। वजह, दिसंबर 2024 के लिए ऑल-इंडिया सीपीआई- आईडब्लू में 0.8 अंक की कमी आई है।

श्रम ब्यूरो द्वारा जारी सूचकांक डेटा 143.7 अकों पर संकलित हुआ है। पिछली बार महंगाई भत्ते में 3 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। केंद्र सरकार, मार्च में होली से पहले डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है। सातवें वेतन आयोग के अनुसार, महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की गणना अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर होती है।

## खतरे में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडताः खड़गे

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर 90 नए गांव बसा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डाल रही है। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन है, राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं। मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखा कि नरेंद्र मोदी आप चीन को लाल आंख दिखाने के बजाय लाल सलाम की नीति अपना कार्यक्रम का खूब प्रचार करती है। संसद में भी आपने खूब बढ़ा-चढ़ाकर इसका बखान किया है। लेकिन सच्चाई यह है कि पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम का 90 फीसदी फंड खर्च नहीं हुआ है। यह योजना फरवरी 2023 में लॉन्च की गई थी और 4800 करोड़ रुपए आवंटित फंड में से केवल 509 करोड़ रुपए ही खर्च हुए हैं। खरगे ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जहां 75 गांव सुधारने हैं, वहां केंद्र की मोदी सरकार ने ना के बराबर राशि दी है। दिसंबर 2024 में चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की घोषणा की, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है।





रहें हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता व अखंडता सर्वोपरि है। मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है। हमारा आरोप बड़ी जिम्मेदारी के साथ है और तथ्यों के आधार पर है।

उन्होंने लिखा कि चीन ने अरुणाचल के बॉर्डर पर 90 नए गांव बसाने शुरू कर दिए हैं। समाचार के मुताबिक पहले ही हमारी सीमा पर 628 ऐसे गांव चीन बसा चुका है। मोदी सरकार सीमा पर वाइब्रेंट विलेज ब्रह्मपुत्र नदी भारत के मीठे पानी के संसाधनों का 30त्न हिस्सा है, जिससे इसका प्रवाह, भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 2022 में राज्यसभा में विदेश मंत्रालय के एक जवाब के अनुसार आपकी सरकार ने कहा कि मार्च 2021 में चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना को अपनाया, जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के निचले इलाकों में हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट्स की योजनाओं का उल्लेख है।



## आरएएस प्री परीक्षा में 21539 अभ्यर्थी सफल घोषित

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस (प्री) 2024 परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में 2 फरवरी को कुल 3,75,657 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। आयोग ने परिणाम के साथ-साथ परीक्षा के दिन ही आंसर-की भी जारी कर दी थी। आयोग ने प्री परीक्षा में 21,539 उम्मीदवारों को सफल घोषित किया है, जो अब मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य माने गए हैं। कुछ उम्मीदवारों की ओर से 10 प्रतिशत या उससे अधिक यानी 15 से अधिक प्रश्नों में कोई विकल्प न अंकित करने के कारण 1680 अभ्यर्थियों को आरएएस प्रीलिम्स परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। इसके अलावा, 2 उम्मीदवारों के परिणाम को न्यायिक कारणों के चलते सील्ड कवर में रखा गया है।

**17 और 18 जून को प्रस्तावित है मुख्य परीक्षा**

इस बार राजस्थान प्रशासनिक सेवा के लिए कुल 733 पदों पर भर्ती जारी की गई थी, लेकिन 17 फरवरी को आयोग ने इन पदों की संख्या बढ़ाकर 1096 कर दी। RPSC की ओर से घोषित परिणाम के बाद अब चयनित उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा की तैयारी करनी होगी, जो 17 और 18 जून, 2024 को आयोजित की जाएगी।

# भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से रौंदा

### गिल-शमी का बेहतरीन प्रदर्शन

दुबई(एजेंसी.)। दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा मैच भारत और बांग्लादेश के बीच खेला गया। जहां बांग्लादेश को 6 विकेट से हराकर भारत ने इस मेगा टूर्नामेंट में अपनी जीत से आगाज किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 49.4 ओवर में 228 रन बनाए। जिसके जवाब में भारत ने 46.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने 2 अंक हासिल कर लिए हैं। अब भारत का अगला मुकाबला रविवार, 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ होगा।बांग्लादेश के लिए तौहीद ह्रदोय ने 118 गेंद पर 100 रन बनाए। जेकर अली ने 114 गेंद पर 68 रन बनाए। तंजिद हसन ने 25 रन बनाए। रिशाद हुसैन ने 18 रन बनाए। सौम्य सरकार, नजमुल हसन शांतो, मुस्तफिजुर रहीम और तंजिम हसन साकिब बैगर खाता खोले आउट हुए। वहीं मुस्तफिजुर रहमान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। जबकि भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 5 विकेट झटके। हर्षित राणा ने 3 और अक्षर पटेल ने 2 विकेट लिए। भारत की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा ने ओपनिंग करते हुए 36 गेंदों में 41 रन की तेज पारी खेली और पहले विकेट के लिए गिल के साथ मिलकर 69 रन की साजेदारी की। विराट कोहली ने इस मैच में 22 रन की पारी खेली और कैच आउट हो गए। श्रेयस अय्यर ने 15 रन की पारी खेली और वो भी कैच आउट हो गए। पांचवें नंबर पर बैटिंग करने आए अक्षर पटेल ने 12 गेंदों पर 8 रन की पारी खेली। वहीं शुभमन गिल ने कमाल की पारी खेली और उन्होंने अपना शतक 125 गेंदों पर पूरा किया। गिल ने इस मैच में नाबाद 101 रन की पारी खेली जबकि उनका साथ केएल राहुल ने बखूबी दिया।

# उग्रवादी हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटेंः शाह



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्वोत्तर क्षेत्र के उग्रवादियों से अपील कि वे अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में उनके योगदान का स्वागत किया जाएगा। शाह असम राइफल्स की ओर से आयोजित एकता उत्सवः एक आवाज, एक देश कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि पूर्वोत्तर शांति और विकास चाहता है और भारत के आंतरिक हिस्से के रूप में काम करना चाहता है।

### हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटेंः

गृह मंत्री ने कहा कि मैं उन सभी उग्रवादियों से अपील करता हूं, जिन्होंने अब तक आत्मसमर्पण नहीं किया है कि वे अपने हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों। भारत की विकास यात्रा में आपकी भागीदारी का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों पूर्वोत्तर में हिंसा में 70 फीसदी कमी आई है, सुरक्षा बलों में मौते 70 फीसदी कम हुई हैं और नागरिकों की मौत में 85 फीसदी की कमी आई है।

### पांच वर्षों में 10 हजार उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पणः

शाह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में 10 हजार से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं। विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए गए हैं और राज्यों के बीच दो सीमा समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र शांति चाहता है, विकास चाहता है और भारत का एक अभिन्न हिस्सा रहकर काम करना चाहता है।

### पूर्वोत्तर की समृद्ध परंपरा पर देश को गर्वः

उन्होंने यह भी कहा कि अगर पूर्वोत्त के युवा भारत के विकास में योगदान देने के लिए एक कदम बढ़ाते हं, तो पूरा देश खुले दिल से चार कदम बढ़ाकर उनका स्वागत करेगा। देश के हर कोने के दिल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक खास स्थान है। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर पर देश गर्व महसूस करता है। पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक धरोहर के बिना भारत अधूरा है।

### पीएम ने पूर्वोत्तर की पहचान को दिया नया आयामः

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर की पहचान को नया आयाम देते हुए इसे अष्टलक्ष्मी नाम दिया है, जो आठ राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का सम्मिलित रूप है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर के युवाओं के लिए अनगिनत अवसरों के रास्ते खोलने के लिए आर्थिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में काम किया है।

### कार्यक्रम में 212 टीमों और 1500 छात्रों ने लिया भागः

गृह मंत्री ने कहा कि असम राइफल्स की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 212 टीमों और 1, 500 छात्रों ने भाग लिया। मैं मणिपुर को बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि वहां के छात्रों को सबसे ज्यादा पुरस्कार मिले। इसी वजह से प्रधानमंत्री मोदी ने फैसला लिया है कि देश का पहला खेल विश्विद्यालय मणिपुर में बनेगा।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
21 फरवरी, 2025



## अलवर दुग्ध संघ को बजट घोषणा में मिली सौगात से खुश हुए पशुपालक

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। राजस्थान सरकार के बजट घोषणा में अलवर दुग्ध संघ को नवीन दुग्ध संयंत्र स्थापित हेतू स्वीकृत राशि के लिए जिले के समस्त किसान/पशुपालकों द्वारा गुरुवार को दुग्ध संघ के प्रबन्ध संचालक सुरेश कुमार सेन का आभार प्रकट कर सेन के द्वारा अलवर दुग्ध संघ में दुग्ध संयंत्र की क्षमता को बढ़ाकर 5 लाख लीटर दूध क्षमता का नवीन संयंत्र स्थापित हेतू किये गये अथक प्रयासों के लिये पुष्प भेंट किये। वहीं बजट पर खुशी जताई।

## समय पूर्व रिहाई हेतु पात्र बंदीजन के प्रकरणों में त्रैमासिक रूप से समीक्षा के लिए की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में विचाराधीन प्रकरण एसएमडब्ल्यूपी (सीआर) नो. 4/2024 टाइटल्ड इन रिपॉलिसी स्ट्रेटेजी फॉर ग्रेट ऑफ बेल में पारित निर्णय 25 जुलाई



2023 की पालना में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के पत्रांक एसएमडब्ल्यूपी (सीआर) नो. 4/2024/17168-17205 18 अक्टूबर 2023 के द्वारा समय पूर्व रिहाई हेतु पात्र बंदीजन के प्रकरणों में त्रैमासिक रूप से समीक्षा किये जाने हेतु जिला स्तरीय को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक का आयोजन अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं सेशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर मोहनलाल सोनी ने बताया कि बैठक में अधीक्षक, केन्द्रीय कारागृह अलवर द्वारा समय पूर्व रिहाई हेतु पात्र चिन्ह्ति सजायाफ़्ता बंदीजन के संबंध में जिलाधिकारियों के अभिमत की वर्तमान स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में कुल 20 प्रकरणों को रखा गया, जिनमें से अधिकतर प्रकरणों में संबंधित पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलकटर से अभिमत प्राप्त नहीं होना पाया गया। वहीं 2 बंदियों के समय पूर्व रिहाई हेतु पुलिस अधीक्षक को अभिशंषा के पश्चात् एक प्रकरण में संबंधित कलक्टर का अभिमत प्राप्त नहीं हुआ एवं एक प्रकरण सलाहकार बोर्ड की आगामी बैठक में रखा जाना प्रस्तावित है। जिला न्यायधीश हरेन्द्र सिंह द्वारा इससे अभिमत शीघ्र प्राप्त कर उक्त सभी बंदियों के समय पूर्व रिहाई हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश दिये गये। अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह अलवर के प्रतिनिधि के रूप में रविन्द्र उपाध्याय उपस्थित रहें एवं चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल महेश कुमार गोठवाल भी उपस्थित रहें।

## द्वितीय अभिभावक परामर्शदात्री कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

राजगढ़(निस)। कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पीएमश्री श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को पुनर्वास विशेषज्ञ फोलोअप एवं द्वितीय अभिभावक परामर्शदात्री




कार्यक्रम का आयोजन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। विशेष शिक्षक लखन गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में ब्लॉक के कक्षा 1 से 12 में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले चिन्हित 50 विद्यार्थी व उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा सेवाएं दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता युसीईईओ सुभाष चन्द शर्मा ने की। इस मौके पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना गुप्ता, अलवर से डॉ राहुल शर्मा, मुकेश मीना, नेमीचंद, लखन गुर्जर, दुलारी मीना, अंकुर मीना, हेमंत कुमार मीना, नरेंद्र कुमार शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक्सपोजर विजिट में विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

जयपुर टाइम्स

राजगढ़(निस)। कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पीएमश्री श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के बालक-बालिकाओं को बुधवार को एक्सपोजर विजिट के लिए अलवर में स्थित लक्ष्मी देवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग संस्थान का विजिट



कराया गया। एक्स्पोज़र विजिट बस को विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एक्सपोजर विजिट के संयोजक सोनू कुमार मीना ने बताया कि विद्यालय के 70 छात्र-छात्राओं को बस के द्वारा एक्सपोजर विजिट के लिए ले जाया गया। जहां छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग ट्रेडों का विजिट कर संस्थान का अवलोकन किया। संस्थान के अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को स्किल डेवलपमेंट व इनोवेशन के बारे में बारिकी से समझाया गया। इस मौके पर एक्सपोजर विजिट के संयोजक सोनू कुमार मीना, प्रभारी सतीश कुमार शर्मा, महिला प्रभारी सुनीता मीना, चुन्नीलाल मीना, विष्णुदेव मीना, पूनम शर्मा, संतोष कुमार शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिक्षा का उद्देश्य लिखना, पढ़ना व मात्र डिग्री लेना न होकर प्रतिभावान विद्यार्थी तैयार करना हो - राज्यपाल हरिभाऊबागडे

### राज्यपाल राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय परिसर में 61.75 करोड रूपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे एवं केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरूवार को अलवर के हल्दीना स्थित राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय परिसर में 61.75 करोड रूपये की लागत के द्वितीय चरण के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा संविधान पार्क का अवलोकन भी किया।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने शिलान्यास कार्यक्रम के उद्बोधन में महाराजा भर्तृहरि को नमन कर विश्वास जताते हुए कहा कि उनकी तपोभूमि पर उनके नाम से 2012 में स्थापित यह विश्वविद्यालय भर्तृहरि के आदर्शों को आत्मसात करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ देश-विदेश में ज्ञान का एक बड़ा केंद्र बने। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में 61.75 करोड रूपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों से विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी तथा विश्वविद्यालय अपने चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने महाराजा भर्तृहरि को स्मरण करते हुए कहा कि हमारे देश के महान विभूतियों में से एक हैं, उनके द्वारा लिखित नीति शतक, श्रृंगार शतक और वैराग्य शतक की भावाभिव्यक्ति इतनी सरल, मनोरम, मधुर, रसपूर्ण और प्रवाहमय भाषा में है कि पढने़ वाले के हृदय और मन दोनों को प्रभावित करती है।

राज्यपाल बागडे ने प्राचीन गुरुकुलों की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन गुरूकुलों में विद्यार्थियों की बौद्धिक व शारीरिक क्षमता बढ़ाने के साथ श्रेष्ठ नागरिक के रूप में दीक्षित किया जाता था। उन्होनें कहा



कि नई शिक्षा नीति भारतीय परंपरा व विद्यार्थी के अनुकूल है, विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के आलोक में अपने पाठ्यक्रमों को समयानुकूल, उपयोगी और अधतन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे, कौशल उन्मुख ऐसे पाठ्यक्रमों को अधिकाधिक प्रारंभ किया जाना चाहिए जिनका लाभ विद्यार्थियों के साथ-साथ देश और समाज को भी मिले।

यह विश्वविद्यालय देश विख्यात होकर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बडी उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने बेटियों से कहा कि निडर और बहादुर बनें। उन्होंने कहा कि अन्याय जहां पर हो वहां सबको मजबूती से उसका विरोध कर सामाजिक मूल्यों को मजबूत करना चाहिए।

### अलवर राजा भर्तृहरि की तपोभूमि है- मंत्री यादव

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सार्वजनिक जीवन, पवित्रता, नैतिक मूल्यों व नए लोगों को जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल बागडे ने अपने अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा है कि मेरा स्वागत करने आना तो फूल-माला नहीं शोध की पुस्तक लेकर आना यह इनके सादगीपूर्ण जीवन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमारा इस विश्वविद्यालय को एकेडमिक स्टेंडर्ड में खडा करना है। उन्होंने महाराजा भर्तृहरि के जीवन का संक्षिप्त वर्णन करते हुए कहा कि अलवर राजा भर्तृहरि की तपोभूमि है। अलवर में आकर उन्होंने तीन पुस्तकें नीति शतक, श्रृंगार शतक व वैराग्य शतक की रचना की जो जीवन में शासन, जीवन के आकर्षण व जीवन के सभी कार्य करके असली परमार्थ को पाने के लिए प्रेरित करती है। ये पुस्तकें भारत के मूल्यों को आगे बढाने का काम करती है।

यादव ने कहा कि विश्विद्यालय परिसर में संविधान पार्क बनाया है उन्होंने कहा कि हल्दीना क्षेत्र में बालिका सैनिक स्कूल बनाने की मांग वर्षो से चली आ रही थी इस पर मुख्यमंत्री को अवगत कराने पर उन्होंने हाल ही में पेश किए बजट में बालिका सैनिक स्कूल बनाए जाने की घोषणा की है इससे क्षेत्र की बालिकाओं को सेना में जाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व लोकल रोड कनेक्टिविटी को बढाने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शील सिन्धु पाण्डेय ने भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के सहयोग व मदद के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक दिन यह विश्वविद्यालय देश वि यात होकर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बडी उपलब्धि साबित होगा। रजिस्टार एवं वित्तीय नियंत्रक गोपाल कालरा ने आगन्तुकों का आभार जताया।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रधान दौलतराम जाटव व वीरमती देवी, सहायक रजिस्टार अशुतोष शर्मा, संजय नरूका, इन्द्र यादव, सुमन चौधरी, देशराज खरेरा, अरूण जैन, प्रेम पटेल सहित बडी संख्या में प्रबुद्ध व्यक्ति, विश्वविद्यालय के स्टाफगण, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।



## शहर में पेयजल समस्या से निजात हेतु लगेंगे 36 थ्री फेस ट्यूबवेल

जयपुर टाइम्स

अलवर। गर्मियो में पेयजल की विकट स्थिति ना बने ऐसी स्थिति को देखते हुए गर्मियों से पूर्व ही अलवर शहर के पेयजल समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अपने विधायक निधि कोष से 4 करोड़ 86 लाख राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत शहर में 36 थ्री फेस टयूबवेल लगेंगे। मनोज शर्मा ने बताया कि यह थ्री फेस टयूबवेल जोहड के पास, गिर्राज दर्शन कॉलोनी, दाउदपुर, वार्ड नं0 51,, गणेश नगर कॉलोनी वार्ड नं0 2, .यू.आई.टी. पार्क के पास, कबीर कॉलोनी, वार्ड नं0 22, .रजवट के पास, भूदर कॉलोनी शनि मन्दिर के पास, वार्ड नं0 52,.गुमानी के कुंए के पास, रामनगर कॉलोनी वार्ड नं0 56, मकान नं0 27 के आस पास शक्ति नगर सी ब्लॉक साहब जोहड वार्ड नं0 3, प्लाट नं0 100 के सामने डी ब्लॉक पार्क, बुद्ध विहार वार्ड नं0 1, ज्ञानी संत सिह मस्कीन जी समागम स्थल के सामने, ओवर ब्रिज के सामने वार्ड नं0 61, अमर सिंह गुर्जर के मकान के पास भगवानपुरा रोड वार्ड नं0 65, राम नगर वार्ड नं0 54 अलवर, बाल भारती स्कूल के पास आर्य नगर वार्ड नं0 7, जितेन्द्र गोयल के घर के आस पास, बोहरा कॉलोनी वार्ड नं0 56, प्लाट नं0 71 के पास, भारत सिनेमा के पीछे, केशव नगर वार्ड नं0 49 अलवर, लाल डिग्गी फीडर के सामने वाली गली मेहन्दी बाग वार्ड नं0 25, सेढ माता चौक, राजाजी का बास वार्ड नं0 25, खटीक मौहल्ला वार्ड नं0 57, भगवान सब्जी वाले के पास, पुलिस लाईन रोड, वार्ड नं0 21, सुनील नर्सिंग होम के पीछे, साउथ वेस्ट ब्लॉक वार्ड नं0 29,.दिनेश शर्मा के आस-पास, नरूका कॉलोनी वार्ड नं0 24, बीडी गौदाम के आस-पास मेहताब सिंह का नौहरा वार्ड नं0 8, अंबेडकर सर्किल व मिल्ट्री गेट के मध्य स्कीम नं0 3 बसन्त विहार वार्ड नं0 59, सुखिया मिष्ठान भण्डार वाली गली के आस पास, गोपाल टॉकीज वार्ड नं0 22, सत्यदेव खूटेला के घर के पास दयानन्द नगर राज भट्टा, वार्ड नं0 43, रणजीत नगर सैक्टर सी पार्क के पास, वार्ड नं0 57, मालाखेड़ा बाजार चकला गूंदी मौहल्ला वार्ड नं0 18, एनईबी एक्टेशन ट्रांसपोर्ट, नगर, ब्लॉक नं0 1 वार्ड नं0 56, मकान नं0 2/123 के आस-पास स्कीम नं0 10बी सैक्टर 2 वार्ड नं0 4, तिवाडी स्कूल के आसपास प्रेम नगर वार्ड नं0 45, 1क मकान नं0 175 व 259 के बीच पार्क शिवाजीपार्क वार्ड नं0 62, 2क में बालिका माध्यमिक स्कूल के सामने पार्क शिवाजीपार्क वार्ड नं0 62, 3क में मकान नं0 250 से 305 के बीच रामलीला मैदान शिवाजी पार्क वार्ड नं0 62, 4क में मकान नं0 110 से 115 के बीच मैं गढ्ढे वाले पार्क में शिवाजी पार्क वार्ड नं0 62, 5क में मकान नं0 295 से 296 के सामने पार्क में शिवाजीपार्क वार्ड नं0 63,.6क में शिव मंदिर वाले पार्क शिवाजीपार्क वार्ड नं0 63,प्लाट नं0 113 के आस-पास विजय नगर, एनईबी में वार्ड नं0 46, अग्रवाल धर्मशाला के सामने, बस स्टैण्ड रोड, वार्ड नं0 22 में आदि कुल 36 स्थानो पर थ्री फेस ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। जिसकी जिला परिषद अलवर द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी कर दी गई है शीघ्र ही कार्यकारी एजेंसी जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग अलवर द्वारा तकनीकी रिपोर्ट आदि विभागीय दस्तावेजों की पूर्ति कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।




## प्रो-एक्टिव एवं संवेदनशील रहकर जनसुनवाई व संपर्क पोर्टल के माध्यम से आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण करें”

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में 122 व्यक्तियों ने दी परिवेदनाएं

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रो-एक्टिव एवं संवेदनशील रहकर जनसुनवाई व संपर्क पोर्टल के माध्यम से आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण में फरियादियों की संतुष्टि स्तर में इजाफा करे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यालय में नियमित जनसुनवाई करें। एडीएम प्रथम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। ये रही प्रमुख परिवेदनाएं - अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम के समक्ष जिलेभर से आए 122 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की जिनमें मुख्य रूप से नगर निगम, यूआईटी, विद्युत, जलदाय, राजस्व, पुलिस आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई जिनमें अलवर शहर के वार्ड नं. 25, अल्कापुरी, पंचवटी, ट्रांसपोर्ट नगर, कृष्णा कॉलोनी, में अतिक्रमण व साफ-सफाई से संबंधित परिवेदनाएं प्राप्त होने पर एडीएम प्रथम ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त फरियादियों की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें। साथ ही संबंधित उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि सार्वजनिक व कृषि भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें।

जनसुनवाई में अल्कापुरी में ट्यूबवैल कराने, गीतानन्द शिशु चिकित्सालय के पास, स्कीम नं.3, स्कीम नं. 10, एनईबी एक्सटेंशन, रामनगर कॉलोनी, बडा बाजार, बलजी राठोड गली वार्ड नं. 12, स्कीम नं. 5, स्कीम नं. 12, वार्ड 15 व अशोक विहार में पेयजल समस्या एवं विश्वकर्मा कॉलोनी में जल अमृत योजना के तहत पेयजल आपूर्ति कराने के संबंध में परिवेदना प्रस्तुत होने पर उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फरियादियों की पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के साथ जिले में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करावे तथा आवश्यकतानुसार नई बोरिंगों के प्रस्ताव तैयार करें एवं स्वीकृत बोरिंगों के कार्य में गति लाकर उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण करावे।

इस दौरान यूआईटी की सचिव धीगदे स्नेहल नाना, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, सहायक कलक्टर सुनीता यादव, यूआईटी के उप सचिव सोहन सिंह नरूका, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान सहित संबंधित अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी जुड़े।

## जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में आमजन के सुने परिवाद



जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(निस)। जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के वीसी सभागार में आयोजित की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में 66 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने मौके पर परिवादों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी प्रकरणों को लेकर ना बैठे, अपने क्षेत्राधिकार में नहीं होने पर उच्च स्तर पर संपर्क कर निपटाएं, अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करें। जिला स्तरीय जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, भूमि विवाद, नामांतरण, चारागाह भूमि पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण कार्य, पेंशन, पुलिस, अनुकंपा नियुक्ति, पट्टा, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग से सम्बंधित परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित विभागों को आगामी सात दिवस में परिवारदों के निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सभी परिवादियों को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये गुणवत्तापूर्ण प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आम रास्तों पर अतिक्रमण, भूमि पैमाइश के कारण आपसी विवाद, आवासीय क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों में पुलिस सहायता लेकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, डिप्टी एसपी किशनगढ़ बास राजेंद्र सिंह, समाज कल्याण अधिकारी राकेश दहमीवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग धर्मवीर यादव, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग आदेश, डीसीएमएचओ पूरण मीणा, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मिलावटी पनीर की पहचान कर मौके पर नष्ट किया 400 किलो दूषित पनीर

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(निस)। जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई में 400 किलो दूषित एवं मिलावटी पनीर पकड़ा गया और मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 5ः00 बजे तिजारा टोल प्लाजा के पास पुलिस ने एक संदिग्ध सफेद इको वैन को रोका, जिसमें लोहे की कैनों में बड़ी मात्रा में पनीर भरा हुआ था। वाहन की तलाशी लेने पर इसमें से तेज बदबू आने लगी। पुलिस ने तत्काल खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित किया, जिसके बाद मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन मौके पर पहुंची और पनीर की प्रारंभिक जांच की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव के अनुसार, पकड़े गए 400 किलो पनीर में मिलावट और खराब गुणवत्ता के संकेत मिले। पनीर को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया तथा मौके पर



ही प्रशासन ने जेसीबी मंगाकर गड्ढा खुदवाया और दूषित पनीर को नष्ट कर दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह पनीर हरियाणा के मेवात क्षेत्र से लाया गया और इसे तिजारा व आसपास के इलाकों में बेचा जाना था। उन्होंने बताया कि मिलावट पर अंकुश लगाने हेतु आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही की जाएगी।

# राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
21 फरवरी, 2025




## मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और रोजगार संबंधित विषयों पर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं युवाओं के रोजगार संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राजस्थान में शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।

## चिकित्सा विभाग में बड़ी संख्या में भर्ती से इस वर्ष के मध्य तक 75 प्रतिशत पदों को भर दिया जाएगा - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने गुरूवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा विभाग में 50 हजार राजपत्रित तथा अराजपत्रित पदों पर भर्ती की जा रही है। इनमें से नर्सिंग अधिकारी, एएनएम, लैब टैक्नीशियन, सहायक रेडियोग्राफर के 23 हजार पदों पर भर्ती की जा चुकी है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि इस वर्ष मई-जून माह तक नई भर्तियों से चिकित्सालयों में 75 प्रतिशत पदों को भर दिया जाएगा।

सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बंद पड़ी प्रथम रैफरल इकाइयों को तथा ट्रोमा सेंटर्स को भी फिर से शुरू किया गया है। प्रदेश की लगभग 85 प्रतिशत प्रथम रैफरल इकाइयों को ऑर्थोपिडिक, एनेस्थेटिस्ट एवं बच्चों के डॉक्टर नियुक्त कर दिये गये है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नवीन स्वास्थ्य केन्द्र खोलने तथा स्वास्थ्य केन्द्रों के क्रमोन्नयन की कार्रवाई केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्डानुसार की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि सामान्य क्षेत्र में 5 हजार की आबादी पर तथा पहाड़ी, जनजातीय तथा रेगिस्तानी क्षेत्र में 3000 की आबादी पर उपकेन्द्र खोले जाने का प्रावधान है। सिंह ने कहा कि सामान्य क्षेत्र में 30 हजार तथा जनजाति, रेगिस्तानी क्षेत्रों में 20 हजार की ग्रामीण जनसंख्या पर 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का प्रावधान है। इस आधार पर पंचायत समिति केशोरायपाटन में 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की आवश्यकता के विरूद्ध 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत हैं। इस कारण यहां उप स्वास्थ्य केन्द्र लबान को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्ननत किया जाना वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में पंचायत समिति नैनवा में 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के विरूद्ध 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय संसाधन की उपलब्धता तथा गुणावगुण के आधार पर उप स्वास्थ्य केन्द्र पीपल्या, जैतपुरा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किये जाने पर विचार जाएगा।

इससे पहले विधायक श्री चुन्नीलाल सीएल प्रेमी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश में चिकित्सा केन्द्रों को क्रमोन्नत करने के नियम व मानदण्ड सदन के पटल पर रखे। उन्होंने कहा कि ग्राम लबान पंचायत समि?ति केशोरायपाटन एवं ग्राम पीपल्या एवं जैतपुर पंचायत समिति नैनवा जिला बूंदी के अन्तर्गत आते है। वर्तमान में इन ग्रामों में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत हैं।

उन्होंने बताया कि ग्राम बडाखेड़ा एवं झालीजी का बराना पंचायत समिति केशोरायपाटन जिला बूंदी के अन्तर्गत आते है। उक्त ग्रामों में वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है। सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण जनसंख्या आधारित निर्धारित मानदण्डानुसार 1 लाख की ग्रामीण जनसंख्या पर 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की अनुमानित ग्रामीण जनसंख्या के आधार पर निर्धारित मानदण्डानुसार पंचायत समिति केशोरायपाटन में 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की आवश्याकता के विरूद्ध 5 सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र स्वीकृत हैं। इस प्रकार पंचायत समिति केशोरायपाटन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानदण्ड से अधिक स्वीकृत होने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडाखेड़ा एवं झालीजी का बराना को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किया जाना वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

## गलता जी में बढ़ी सुरक्षा, 15 नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। गलता तीर्थ परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर और घाट के बालाजी में कुल 15 नाइट विजन तकनीक से लैस कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे जिला प्रशासन 24×7 निगरानी कर सकेगा।



अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) एवं नोडल अधिकारी आशीष कुमार जयपुर ने बताया कि गलता तीर्थ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। यह कदम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए उठाया गया है।

### नाम परिवर्तन

में बसंत कुमार जांगिड़ पुत्र श्री श्यामलाल जांगिड़ निवासी वार्ड नंबर 19 नजदीक पावर हाउस झुंझुनू राजस्थान का सर्वसाधन को सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री नाम एशना जांगिड़ है। मैंने मेरी पुत्री का नाम बदलकर वेदा जांगिड़ रख लिया है अतः आज के बाद मेरी पुत्री को वेदा जांगिड़ के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए

## कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम

- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने एक ही दिन में सुनीं 138 परिवेदनाएं
- संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के दिये निर्देश

### सांसद श्रीमती मंजू शर्मा की मौजूदगी में जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की फरियाद

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। किसी की रुकी हुई पेंशन शुरू हो गई, तो किसी को निःशुल्क इलाज के रूप में मिली संजीवनी, किसी के बेहतर भविष्य के सपने को मिला छात्रवृत्ति का संबल तो किसी को मिला पालनहार योजना का सहारा। कुछ ऐसा ही नजारा था गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार का। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना एवं जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जयपुर सांसद मंजू शर्मा की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय



जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राजस्व प्रकरणों से जुड़े 54 परिवादों सहित 138 फरियादियों के परिवाद सुने, जिनमें से कई प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 138 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेंशन शुरू करवाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन के अभाव अभियोगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संवेदनशील हैं। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल ने पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन को नियमित जनसुनवाई के निर्देश दिये हैं।

जनसुनवाई में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाकर ठगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है - गृह राज्य मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। नवाचारों और नई तकनीक के समावेश से साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही प्रदेश भर में साइबर शील्ड और एन्टी वायरस अभियान चलाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में साइबर अपराधियों पर कार्रवाई करने गई पुलिस को पीटने की घटनाएं सामने आई थीं। अब सरकार ने साइबर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा साइबर ठगी से अर्जित की गई सम्पत्तियों को पीला पंजा अभियान चलाकर तोड़ने की कार्रवाई की है। कड़ी कार्रवाइयों के चलते साइबर अपराधी ठगी का धंधा छोड़ने पर मजबूर हुए हैं।गृह राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में अलवर, डीग, भरतपुर, जयपुर तथा जोधपुर में सबसे अधिक साइबर अपराध अंकित किये गए हैं। इससे राज्य के अन्य जिले भी प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए न केवल साइबर थानों का गठन किया गया है। बल्कि प्रदेश भर में समय समय पर विभिन्न अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा 27 प्रदेशों के साइबर एक्सपर्ट्स को आमंत्रित कर कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा हैकाथॉन का भी आयोजन किया गया।

इससे पहले विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य में साइबर धोकाधड़ी और साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए राज्य स्तर पर पुलिस मुख्यालय में महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम तथा पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम के पद स्वीकृत हैं तथा वर्तमान में दोनों अधिकारी कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में कुल 36 साइबर पुलिस थानों का गठन किया हुआ है। इन थानों में नियमित रूप से साइबर अपराध से संबंधित प्रकरणों को दर्ज कर प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने वर्तमान में संचालित साइबर पुलिस थानों का विवरण सदन के पटल पर रखा।




## मिशन मध्यप्रदेश पर काम करूंगा, मैं सिर्फ एमपी कांग्रेस का सहयोगी- हरीश चौधरी

### बीजेपी की कोशिश रहती है कि, कांग्रेस को खंड-खंड में करे, लेकिन अनुशासन हमारी पहली प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली/भोपाल(एजेंसी)। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी गुरुवार को पहली बार भोपाल पहुंचे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने चौधरी का स्वागत किया। एयरपोर्ट से पीसीसी तक जगह-जगह नेताओं ने अलग-अलग स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से भी मिले। इस दौरान हरीश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के संस्कारों और संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी प्राण-प्रण से नए कीर्तिमान गढ़ेंगे ओर मिशन मध्य प्रदेश के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ेंगे। इसके साथ ही भोपाल के प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में दिनभर न सिर्फ कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, बल्कि मैराथन बैठकों का दौर भी चला। चौधरी ने पीसीसी में कांग्रेस के विधायकों, पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि, मैं शून्य समझ के साथ आया हूं। यहां पर सहयोगी की भूमिका में रहकर मिशन मध्य प्रदेश पर काम करूंगा। मेरी फिलहाल यहाँ की राजनीतिक समझ शून्य है। मैं अपने आप को छात्र स्वीकार करता हूं। मैंने कांग्रेस पार्टी से पद या टिकट नहीं मांगी। कांग्रेस पार्टी जो तय करेगी, उसका अनुसरण करूंगा। मैं नेहरूवादी हूं। मेरे शब्द में समझ में कोई अंतर नहीं है। वहीं राजस्थान के जाट और राजपूत में सांमजस्य है। बीजेपी की कोशिश रहती है कि, कांग्रेस को खंड-खंड में करे, लेकिन असल में ऐसा नहीं है। अनुशासन हमारी पहली प्राथमिकता है। इस बैठक में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, जयवर्धन सिंह, विभा पटेल सहित कई विधायक, पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष मौजूद रहें।

## प्रदेश में 73 लाख 82 हजार महिलाएं उज्ज्वला योजना से लाभान्वित - खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि देश की गरीब महिलाओं को पारंपरिक चूल्हों से निकलने वाले जहरीले धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए वर्ष 2016 में उज्ज्वला योजना प्रारंभ की गयी थी। इस योजना के तहत राज्य में जारी कुल एक करोड़ 83 लाख 68 हजार एलपीजी गैस कनेक्शन में से 73 लाख 82 हजार महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ दिया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना की शुरूआत में देश में 5 करोड़ कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्तमान में इस योजना के माध्यम से 10 करोड़ 33 लाख एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। यह उपलब्धि सरकार की प्रतिबद्धता और योजना की सफलता को दर्शाती है, जिससे लाखों गरीब परिवारों को स्वच्छ और सुरक्षित ईंधन का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि गंगापुर विधानसभा क्षेत्र में 550 आवेदन लंबित हैं।

इससे पहले विधायक रामकेश के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र गंगापुर में विगत एक वर्ष में उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत कुल एक हजार 668 गैस कनेक्शन जारी किये गये हैं। प्रदेश में उज्ज्वला योजना के तहत प्रदान किये जाने वाले कनेक्शनों का लक्ष्य पूरा होने के कारण वर्तमान में नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी नहीं किये जा रहे हैं। गोदारा ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के तहत, उज्ज्वला कनेक्शन धारक को रिफिल के लिए हर साल 12 सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर उपलब्ध कराये जाते हैं।

## कलश यात्रा के साथ नो दिवसीय शिवरात्रि कार्यक्रम का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला में सुभाष चौक से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई कलश यात्रा से पूर्व कलश पूजन पोथी पूजन किया गया।

कलश यात्रा प्रारंभ होकर त्रिपोलिया महादेव, होप सर्कस, नगर निगम, मन्नी का बढ़ होते हुए अभय समाज पहुंची एवं यात्रा में महंत जितेंद्र खेड़ापति अपने सिर पर पोथी को रखकर चले, घोड़ी, गणेश जी, भगवान श्री विष्णु लक्ष्मी स्वरूप, राधा कृष्ण, शिव अघोरी झांकी नंदी पर सवार होकर परशुराम जी, ढोल पार्टी डीजे बैंड एवं महिलाएं कलश लेकर शामिल हुई।

इस दौरान अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई श्री त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पशुपतिनाथ व शिव कथा के प्रथम दिवस में कथा वाचक आचार्य दीपक अवस्थी ने भगवान शिव की कथा के माहात्म्य को सुनाते हुए बताया कि भगवान शिव की कथा सुनने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है तथा जीव परम गति को प्राप्त करता है। जिनके स्वजन भूत प्रेत पिसाच योनि में पड़े हुए



है वह शिव कथा के पुण्यात्मक प्रभाव से दिव्य शिव लोक को प्राप्त करते है इस बात को सिद्ध करते है अवस्थी ने बताया कि को भी प्राणी भगवान शिव की कथा को श्रवण कर अपने किए हुए। कूकर्मों का प्रायश्चित करता है और जीवन में फिर नहीं करने का संकल्प करता है भगवान शिव उसके सभी अपराधों को क्षमा कर अपनी। परम पवित्र भक्ति प्रदान करते हैं तथा अंत में शिव लोक की प्राप्ति करा देते हैं. इसी के साथ प्रथम दिवस की कथा की आरती कर कथा को विराम दिया अंत मे सभी को प्रसाद वितरण किया गया।



## तिजारा और टपूकड़ा के सरकारी अस्पतालों को मिली अत्याधुनिक सीबीसी मशीनें

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(निस)। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और विधायक महंत बाबा बालक नाथ योगी के अथक प्रयासों से गुरुवार को श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड पथरेड़ी की ओर से जिला कलेक्टर किशोर कुमार खैरथल को 11.68 लाख रुपए की लागत से दो अत्याधुनिक 9 पार्ट सीबीसी मशीनें सौंपी गईं। ये मशीनें तिजारा एवं टपूकड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को समर्पित की गई हैं। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि मशीनों की उपलब्धता से सरकारी अस्पतालों में आने वाले रोगियों एवं गर्भवती महिलाओं को खून की जांच, हीमोग्लोबिन जांच, और अन्य महत्वपूर्ण परीक्षणों की सुविधा निशुल्क प्राप्त होगी। आधुनिक तकनीक से युक्त ये मशीनें अस्पतालों में जांच प्रक्रिया को और सटीक व सुविधाजनक बनाएंगी, जिससे रोगियों को अनावश्यक खर्च से राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बाहरी लैब में महंगी जांच कराने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी होगी।

इस अवसर पर श्रीराम पिस्टन और रिंग्स लिमिटेड के सुमंत्रा मुखर्जी (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर), दिलवर सिंह यादव (सीनियर मैनेजर), अनिल कुमार यादव (सीनियर एग्जीक्यूटिव), करण सिंह यादव (एग्जीक्यूटिव), डॉ. मनोज कुमार यादव (बीसीएमओ तिजारा), डॉ महेंद्र कुमार गुर्जर और राकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संपादकीय .....

# दिल्ली की किस्मत 'रेखा' से एनसीआर की अपेक्षाएं

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से न केवल दिल्ली वासियों बल्कि एनसीआर के लोगों की अपेक्षाएं बढ़ चुकी हैं। क्योंकि दिल्ली-एनसीआर के इतिहास में संभवतया यह पहला मौका है जब दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तरप्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। चूंकि दिल्ली और एनसीआर के शहरों यथा- गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत आदि में चोली-दामन का सम्बन्ध बन चुका है, इसलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री से सबकी सकारात्मक अपेक्षाएं रहती आई हैं।

लिहाजा, अब यह रेखा गुप्ता पर निर्भर करेगा कि हरियाणा-उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकारों को साधकर वह दिल्ली-एनसीआर वासियों के दूरगामी हित कितने महत्वपूर्ण कदम उठा पाती हैं। वहीं यदि वह राजस्थान और उत्तराखंड की भाजपा सरकारों को भी साध लें तो दिल्ली-एनसीआर वासियों का ज्यादा भला कर पाएंगी। ध्रुवसत्य है कि जब लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें किसी नेता के एजेंडे में शामिल हो जाती हैं तो दोनों का संतुलित विकास होता है।

ऐसे में यदि भाजपा और उसके तीनों-चारों मुख्यमंत्री जनहित में %ग्रेटर दिल्ली% बनाने की पहल करे तो एनसीआर वासियों के लिए इससे बड़ी खुशी की बात कुछ हो ही नहीं सकती। क्योंकि ऐसा होने से जहां गाजियाबाद-गौतमबुद्धनगर के लोगों को लखनऊ-प्रयागराज-कानपुर के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी, वहीं फरीदाबाद-गुरुग्राम-रोहतक-सोनीपत के लोगों को चंडीगढ़ जाने से मुक्ति मिलेगी।

वहीं, जो लोग अब तक यह कहते आए हैं कि दिल्ली का न अपना मौसम है, न पानी है, उनकी यह शिकायत भी दूर हो जाएगी। क्योंकि ग्रेटर दिल्ली के पास अपना मौसम और अपना पानी दोनों हो जाएगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति में भी कोई बाधा नहीं आएगी। सड़कें चकाचक हो जाएंगी। यही नहीं, ग्रेटर दिल्ली बनने से यहां की लोकसभा सीटें बढ़ेंगी, विधानसभा सीटें बढ़ेगी, नगर निगम का आकार बढ़ेगा और यहां विधान परिषद के गठन की भी बात बढ़ेगी। इसके अलावा, यहां न केवल अपराध पर लगाम लगाया जा सकेगा, बल्कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के संतुलित विकास में भी मदद मिलेगी।

इसलिए भले ही हरियाणा सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार या राजस्थान सरकार ग्रेटर दिल्ली बनाने के लिए अपने विकसित शहर व जनपद देने को राजी न हों, लेकिन दिल्ली-एनसीआर वासियों के भावी हितों के मद्देनजर केंद्र सरकार को इसके लिए खुले दिल से विचार करना चाहिए। यह मुद्दा कोई कपोलकल्पित बात नहीं है, बल्कि जब तब चुनावों में उठता भी आया है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनवाने के पीछे लोगों के जेहन में भी यह बात रही है। चूंकि मोदी हैं तो मुमकिन है, इसलिए ये वाला फॉर्मूला यहां भी लागू होना चाहिए।

यदि ऐसा होता है तो दिल्ली की दो बड़ी समस्याओं- यमुना नदी प्रदूषण और वायु प्रदूषण का भी ठोस समाधान निकल पाएगा। यहां के उद्योगों के विस्तार के लिए भूमि और जनसंख्या की किल्लत भी महसूस नहीं होगी।

# आखिर भारत का 'असली' दुश्मन कौन?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं हैं, किन्तु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी।

भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी।

भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं। भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं



आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारुढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है तो राज्य के सत्तारुढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धरमैया की सरकार है। इतना ही नहीं राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए।

गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है, और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। अपनी चिट्ठी में वकीलों ने ऐसे कई तरीकों पर प्रकाश डाला है, जिनमें न्यायपालिका के तथाकथित %स्वर्ण युग% के बारे में झूठी कहानियों का प्रचार भी शामिल है। न्यायपालिका तक को प्रभावित करने के प्रयासों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भ्रष्टाचार किस हद तक व्याप्त है। देश की भ्रष्टाचार में रैंकिग बेशक बढ़ रही हो, इसके बावजूद विगत चुनावों में भाजपा अकेली पार्टी रही, जिसने भ्रष्टाचार के खात्मे की बात कही। अन्य दल तो इस मुद्दे पर चर्चा करने तक से कतराते हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र के सत्तारुढ दल को भ्रष्टाचार में लपेटने की कई बार नाकाम कोशिश की है, चाहे वह मुद्दा युद्धक विमान राफेल की खरीद का हो या अडानी ग्रुप से जुड़ा हुआ हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक में भ्रष्टाचार के मामले को ले गए पर इसे साबित नहीं कर पाए। ऐसा भी नहीं है कि भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर दूध की धुली है। भाजपा का दामन थामने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के ऐसे मामलों को नजरांदाज किया जाता रहा है। इसके अलावा केंद्र में भाजपा अकेले अपने बलबूते सत्ता में नहीं है, ऐसे में गठबंधन के सहयोगी दलों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से मुंह फेरे रहती है। यही वजह रही है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से इन सहयोगी दलों के खिलाफ एक भी कार्रवाई नहीं की गई।

कोई भी एजेंसी जब किसी राज्य या विभाग में भ्रष्टाचार का मामला पकड़ती है तब इस गुनाह पर पर्दा डालने के लिए यही दलील दी जाती रही है कि भ्रष्टाचार को मिटाना है। इसके बावजूद एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहते हैं, पर कोई राजनीतिक दल यह दावा नहीं करता कि उनके शासित राज्य से भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राज्य तो दूर की बात है कि बल्कि किसी दल में इतना भी साहस नहीं है कि यह कह सके कि कोई एक विभाग पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त है। फिर विभाग चाहे केंद्र सरकार के हों या राज्यों के। यह निश्चित है कि भ्रष्टाचार इस देश से तब तक नहीं मिटेगा जब तक नेताओं की कथनी और करनी में अंतर रहेगा। नेताओं के साथ नौकरशाहों की भी जिम्मेदारी तय किए बगैर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाडना असंभव है।

**- ललित गर्ग**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# दिल्ली की नई मुख्यमंत्री: चुनौतियों का सफर

प्रधानमंत्री मोदी अपनी अलग कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने के अपने निर्णय को भी अंतिम क्षणों तक गोपनीय रखा। मीडिया के लोग कई लोगों के नामों को लेकर अनुमान लगाते रहे, परंतु हर बार की भांति इस बार भी प्रधानमंत्री ने अपने निर्णय की गोपनीयता को अंतिम क्षणों तक रहस्यमय बनाए रखा और हमने देखा कि दिल्ली की शालीमार गार्डन सीट से पहली बार विधायक बनकर आई रेखा गुप्ता को उन्होंने दिल्ली का मुख्यमंत्री बनवा दिया। निश्चित रूप से रेखा गुप्ता के इस चयन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, परंतु स्पष्ट रूप से पार्टी और देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं, इसलिए यही कहा जाएगा कि उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ एक अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए रेखा गुप्ता को यह दायित्व दिया। प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में ऐसे चेहरों को आगे ला चुके हैं, उनका वह परीक्षण सफल ही रहा है। इसके पीछे चाहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हो या प्रधानमंत्री मोदी या उनके अन्य वरिष्ठ परामर्शदाता हों, सभी का उद्देश्य एक ही रहता है कि नया बेदाग चेहरा लोगों को रास आएगा और वह मिले हुए अवसर के दृष्टिगत अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेगा। जब दागदार चेहरों को बड़ी जिम्मेदारियां दी जाती हैं तो वे उन्हें पूर्ण निष्ठा के साथ निभा नहीं पाते हैं या फिर अपनी परंपरागत कार्य शैली का परिचय देते हुए भ्रष्टाचार जैसे कार्यों में लग जाते हैं। जिसकी क्षति पार्टी को उठानी पड़ती है और अंत में राष्ट्र को भी ऐसे चेहरों से हानि ही मिलती है। इस प्रकार के नए बेदाग चेहरों को आगे लाने से पार्टी और देश दोनों को दूर तक और देर तक लाभ मिलना स्वाभाविक है। बस अपनी इसी दूरगामी सोच के चलते भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्तमान नेतृत्व ऐसे चेहरों को सामने लाता रहता है।

पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी निष्ठा को व्यक्त किया है। वैसे भी इस समय देश में केवल एक ही महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल का नेतृत्व कर रही हैं। जब बार-बार नारी सशक्तिकरण की बात की जा रही हो, तब भाजपा ने एक महिला को मुख्यमंत्री बनाकर इस चर्चा को मानो एक नई ऊंचाई दी है। दूसरी बात यह है कि दिल्ली में जिस प्रकार केजरीवाल ने पिछले 11 वर्ष में %रेवड़ी बांटने% की परंपरा के आधार पर शासन किया है, उसके चलते



बहुत से विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। दिल्ली के अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें पानी की पाइपलाइन कई स्थानों पर गल गई है। जिससे लोगों को मलमूत्र मिले पानी को पीने के लिए अभिशप्त होना पड़ गया है। कई क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें लोगों को दूध मिलना संभव है, परंतु सही पानी मिलना उनके लिए कठिन हो गया है। बिजली के खंभों या लाइन की व्यवस्था भी कई क्षेत्रों में बहुत खराब हो चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं और यातायात को लेकर भी यही कहा जा सकता है। ऐसे में पानी और बिजली की नई लाइन बिछाना और लोगों के स्वास्थ्य व सुविधा के दृष्टिगत उन्हें स्वच्छ पानी और बिजली उपलब्ध कराना दिल्ली की मुख्यमंत्री के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए

यदि वह ऐसा करती हैं तो नौटंकी बाज केजरीवाल को लोग भूल जाएंगे। कोई भी घिसापिटा चेहरा इस काम को करने में लापरवाही बरत सकता था। इसलिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक नए ऊर्जावान चेहरे को दिल्ली की बागडोर सौंपी है तो इसके पीछे उद्देश्य यह है कि काम ऐसा किया जाए, जिससे लोग केजरीवाल को भूल जाएं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केजरीवाल अपनी नौटंकियों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने चाहे कितने ही शालीन भाव से दिल्ली के मतदाताओं के जनादेश को स्वीकार किया हो, परंतु इसके पीछे भी उनकी विनम्र नौटंकी ही है। उनसे पूरी उम्मीद की जा सकती है कि वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चलाने में हर प्रकार का रोड़ा अटकाने का प्रयास करेंगे। लोगों को भ्रमित करेंगे और अपनी नौटंकीवादी राजनीति को सड़कों व चौराहों पर दिखाने का हर संभव प्रयास करेंगे। ऐसे में एक गंभीर नेतृत्व को आगे लाना भारतीय जनता पार्टी के लिए अनिवार्य था। रेखा गुप्ता के भीतर ऐसे ही एक गंभीर व्यक्तित्व को देखा गया है, जो प्रत्येक प्रकार की नौटंकी का सामना करते हुए धैर्य के साथ दिल्ली की जनता की सेवा कर सके। स्पष्ट है कि भाजपा ने सत्ता का स्वाद लेने के लिए रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री का दायित्व नहीं दिया है, बल्कि पार्टी को निरंतर सत्ता में बनाए रखकर राष्ट्र सेवा करते रहने के लिए उन्हें यह दायित्व दिया गया है। भाजपा की इस प्रकार की रणनीति को केजरीवाल और राहुल गांधी भली प्रकार जानते हैं। भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री के चेहरे को ढूंढने में लगे 10-12 दिन के समय को लेकर इन दोनों पार्टियों को इसी बात की चिंता हो रही थी कि भाजपा उन्हें देर तक सत्ता से दूर रखने के लिए मुख्यमंत्री बनाने में जिस प्रकार विलंब कर रही है, वह उनके लिए ही हानिकारक होगा। इस बार के विधानसभा चुनाव में यमुना की सफाई को भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनाया गया। हमारा मानना है कि यमुना की सफाई को एक मुद्दा बनाया भी जाना चाहिए था। जिस प्रकार दिल्ली के अनेक गंदे नाले इस नदी को मृत नदी के रूप में परिवर्तित करते जा रहे हैं, वह न केवल दिल्ली के लिए बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। इसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को विशेष परिश्रम करना होगा। हमारा मानना है कि दिल्ली के गंदे नालों के पानी को सीमेंट या लोहे के बड़े-बड़े पाइपों के भीतर डालकर नदी के भीतर इन पाइपों की एक समानांतर लाइन बिछाकर उस पानी को हरियाणा या उत्तर प्रदेश की ओर दूर ले जाया जाए। वहां उसे पीने योग्य या कृषि भूमि को सींचने योग्य बनाकर दोबारा ठीक किया जाए। इसके लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों की एक संयुक्त टीम गठित की जाए अथवा एक प्राधिकरण बनाया जाए। इस प्रकार दिल्ली के गंदे नालों का एक बूंद पानी भी यमुना नदी में नहीं गिर पाएगा, जिससे नदी को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी।

**-डॉ. राकेश कुमार आर्य**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

प्रधानमंत्री मोदी अपनी अलग कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने के अपने निर्णय को भी अंतिम क्षणों तक गोपनीय रखा। मीडिया के लोग कई लोगों के नामों को लेकर अनुमान लगाते रहे, परंतु हर बार की भांति इस बार भी प्रधानमंत्री ने अपने निर्णय की गोपनीयता को अंतिम क्षणों तक रहस्यमय बनाए रखा और हमने देखा कि दिल्ली की शालीमार गार्डन सीट से पहली बार विधायक बनकर आई रेखा गुप्ता को उन्होंने दिल्ली का मुख्यमंत्री बनवा दिया। निश्चित रूप से रेखा गुप्ता के इस चयन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, परंतु स्पष्ट रूप से पार्टी और देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं, इसलिए यही कहा जाएगा कि उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ एक अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए रेखा गुप्ता को यह दायित्व दिया। प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में ऐसे चेहरों को आगे ला चुके हैं, उनका वह परीक्षण सफल ही रहा है।

## शख्सियत

# खालिस्तानी हमले में हुई थी ष्टरूबेअंत सिंह की हत्या, जानिए कैसा रहा राजनीतिक सफर



कांग्रेस के नेता और पंजाब के सीएम बेअंत सिंह का 19 फरवरी को जन्म हुआ था। देश की आजादी के बाद बेअंत सिंह ने राजनीति में कदम रखा था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ राजनेताओं में से एक थे, जो पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे। आजादी के बाद से ही पंजाब अशांत इलाका रहा था। जब बेअंत सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री बने तो उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती अलगाववादियों से निपटने की थी। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर बेअंत सिंह के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

लुधियाना जिले के दोहरा प्रखंड स्थित बिलासपुर गांव में 19 फरवरी 1922 को बेअंत सिंह का जन्म हुआ था। उन्होंने लाहौर स्थित गवर्नमेंट कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की। वहीं महज 23 साल की उम्र में वह भारतीय सेना में शामिल हो गए। लेकिन 2 साल बाद ही उन्होंने राजनीति का रुख किया।

### राजनीतिक सफर

साल 1960 में बेअंत सिंह को प्रखंड समिति का सदस्य चुना गया और वह लुधियाना स्थित %सेन्ट्रल कोऑपरेटिव% बैंक के डायरेक्टर रहे। फिर साल 1969 में वह निर्दलीय जीतकर पंजाब विधानसभा पहुंचे। बेअंत सिंह सिखों के नामधारी पंथ के अनुयायी थे और वह सफेद रंग की पगड़ी पहनते थे। इसी वजह से बेअंत सिंह मांस व शराब का सेवन नहीं करते थे। फिर वह ब्लॉक समिति के चेयरमैन चुने गए और इसके बाद लुधियाना में सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक बने।

राजनीति की एक-एक सीढ़ियां चढ़ते हुए साल 1969 में वह पहली बार निर्दलीय विधायक के रूप में विधानसभा पहुंचे। बता दें कि बेअंत सिंह 5 बार एमएलए रहे और पंजाब कांग्रेस के चीफ रहे। वह राजनीति में अहम भूमिका में थे। इसके बाद बेअंत सिंह पंजाब के सीएम बने और इस पद पर रहते हुए वह शहीद होने वाले देश के पहले व्यक्ति बनें। जिस दौरान बेअंत सिंह सीएम बनें, उस दौरान पंजाब जल रहा था। खून-खराबा देखकर बेअंत सिंह दुखी हो जाते थे, क्योंकि वह राज्य का विकास करना चाहते थे। जिसके लिए वह हर दम कोशिश करते थे।

देखते ही देखते बेअंत सिंह अलगाववादियों के निशाने पर आ गए। वहीं बेअंत सिंह जनता का विश्वास जीतने में कामयाब रहे, लेकिन सरकारी तंत्र में बैठे कुछ लोगों ने अलगाववाद को हवा दी। हालांकि यह जानकारी बेअंत सिंह को थी। इसलिए उन्होंने अलगाववाद की आग को शांत करने की बहुत कोशिश की। वह अपने जीवन के आखिरी समय तक इसी काम में लगे रहे।

### मृत्यु

बता दें कि मुख्यमंत्री बेअंत सिंह 31 अगस्त 1995 के दिन सचिवालय के बाहर अपनी कार में बैठे थे। उसी दौरान एक खालिस्तानी चरमपंथी मानव बम बनकर पहुंचा और खुद को उड़ा दिया। यह धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज दूर तक गई। चारों तरफ धूल और धुएं का गुबार छा गया और इस विस्फोट में पंजाब के तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह की हत्या हो चुकी थी। इस धमाके में 16 लोगों की मृत्यु हो गई थी।











## क्या राम चरण के साथ माइथोलॉजिकल फिल्म कर रहे नागेश भट? निर्देशक ने बताया सच

कई दिनों से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि साउथ सुपरस्टार राम चरण किल के निर्देशक खिल नागेश भट के साथ एक माइथोलॉजिकल फिल्म में काम करने वाले हैं, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर फैंस भी अपना उत्साह साझा कर रहे थे। हालांकि, अब इस पर खुद निर्देशक निखिल नागेश ने चुप्पी तोड़ी है और इस खबर का सच बताया है।

### खबरों पर क्या बोले नागेश भट

निर्देशक निखिल नागेश भट ने आखिरकार राम चरण के साथ माइथोलॉजिकल फिल्म बनाने की अफवाहों को खारिज कर दिया है। हाल ही में उन्होंने बातचीत के दौरान इन खबरों का खंडन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह बिलकुल सच नहीं है। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि यह एक बड़े बजट की फिल्म है, जो भारतीय पौराणिक कथाओं के सबसे महत्वपूर्ण पात्रों में से एक की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

### किल की सफलता पर जताई खुशी

नागेश भट ने 2024 को एक स्मारक वर्ष बताया और भारत और विदेशों में अपनी परियोजना किल को मिली सकारात्मक प्रशंसा के बारे में बात की। उन्होंने कहा, किल को भारत और विदेश दोनों जगह आलोचनात्मक प्रशंसा मिलने के बाद मुझे लगता है कि मैं एक ऐसी दुनिया में आ गया हूं, जहां कहानियां सीमाओं को पार कर सकती हैं और स्थानीय और वैश्विक स्तर पर दर्शकों से जुड़ सकती हैं। सफलता से अधिक, कहानी कहने की मान्यता ने इस वर्ष को विशेष बना दिया है।

### अगली परियोजना पर साझा की जानकारी

अपनी अगली परियोजना के बारे में नागेश भट ने कहा, मैं फिलहाल एक नई कहानी पर काम कर रहा हूं। हालांकि अभी इस बारे में ज्यादा कुछ बताना जल्दबाजी होगी, लेकिन मैं वादा कर सकता हूं कि यह एक्शन के प्रति मेरे प्यार के अनुरूप ही होगी, लेकिन भावनात्मक रूप से और भी गहरी होगी। यह एक ऐसी फिल्म है, जो मुझे ऐसी चुनौती देगी जैसी किसी अन्य परियोजना ने पहले नहीं दी और मैं इसके साथ कहानी कहने के नए आयामों को तलाशने के लिए उत्साहित हूं।

## श्वेता तिवारी से नेहा धूपिया तक, पाकिस्तान में अपने अभिनय का झंडा बुलंद कर चुके हैं ये सितारे

कला एक ऐसी चीज है, जो सरहदों से परे मानी जाती है। यही वजह है कि कलाकार अक्सर अपनी सीमाओं से दूर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आते हैं। बॉलीवुड की कई हस्तियां हॉलीवुड फिल्मों में दमखम दिखा चुकी हैं तो वहीं, टीवी जगत के सितारे भी कम नहीं हैं। छोटे पर्दे के कई ऐसे चर्चित कलाकार हैं, जिन्होंने भारतीय टीवी शो में तो अपनी पहचान स्थापित की ही, साथ ही पाकिस्तानी सीरियल्स और फिल्मों में भी अपने अभिनय का जादू चला चुके हैं।

### श्वेता तिवारी

टीवी शो कसौटी जिंदगी की से घर-घर में पहचान बनाने वाली श्वेता सिंह आज एक्टिंग की दुनिया का बड़ा नाम हैं। उन्होंने कई टीवी सीरियल्स और रियलिटी शो के अलावा बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। दिलचस्प बात यह है कि एक्ट्रेस पाकिस्तानी फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। श्वेता का एहसान खान समेत कई पाकिस्तानी स्टार्स के साथ एक पाकिस्तानी मूवी 'सल्तनत' में नजर आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग दुबई में हुई थी।

### किरण खेर



अभिनेत्री किरण खेर भी पाकिस्तानी फिल्म में अपने अभिनय का दमखम दिखा चुकी हैं। वह पाकिस्तानी फिल्म खमोश पानी ( 2003) में नजर आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए किरण को स्विट्जरलैंड के लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

### सारा खान

टीवी शो विदाई के जरिए पॉपुलर हुई सारा खान ससुराल सिमर का और बिग बॉस में नजर आई थीं। इसके अलावा सारा पाकिस्तानी एक्टर नूर हसन के साथ पाकिस्तानी सीरियल ये कैसी मोहब्बत है में नजर आ चुकी हैं।

### नेहा धूपिया

अभिनेत्री नेहा धूपिया का नाम भी लिस्ट में शामिल है। नेहा बॉलीवुड के साथ-साथ पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री में भी अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। बता दें कि नेहा ने प्यार ना करना फिल्म में आइटम नंबर किया था।

### अरबाज खान



एक्टर अरबाज खान पाकिस्तानी फिल्म गॉडफादर में नजर आए थे। इस फिल्म में अरबाज ने शाकीर खान का रोल निभाया था। इसके अलावा दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने भी अपने अभिनय का दमखम पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री में दिखाया है। बता दें कि अभिनेता ने पाकिस्तानी फिल्म खुदा में काम किया था। यही नहीं, इसके अलावा अभिनेता ने फिल्म जिंदा भाग में भी लीड रोल निभाया था।

## आईफा 2025 में शामिल होंगी कैटरीना कैफ



अभिनेत्री कैटरीना कैफ अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आईफा) अवॉर्ड्स 2025 में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि वह इस इवेंट में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं।

आईफा इस साल अपनी सिल्वर जुबली मना रहा है। आईफा के साथ अपने लगाव को व्यक्त करते हुए कैटरीना ने इस कार्यक्रम को अपने लिए बेहद खास बताया। अभिनेत्री ने कहा, आईफा हमेशा मेरे लिए एक ग्लोबल इवेंट मात्र से कहीं बढ़कर रहा है। यह प्यार, उत्साह और शानदार पलों से भरा सफर है, जिसने सिनेमा और मेरे प्रशंसकों के साथ मेरे जुड़ाव को आकार दिया है। मुझे शुरू से ही यह सहज लगता है, यह एक ऐसी जगह है, जहां हम भारतीय सिनेमा के जादू, कहानी कहने के जुनून और वैश्विक मंच पर एक साथ आने की खुशी का जश्न मनाते हैं। कैटरीना ने कहा, मेरा आईफा का सफर कभी न भूल पाने वाली यादों से भरा रहा है और इस सिल्वर जुबली का हिस्सा बनना वाकई सम्मान की बात है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में आईफा वीकेंड और अवार्ड्स में भारतीय सिनेमा के शानदार 25 वर्षों का जश्न मनाना रोमांचक है। मैं आईफा के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं, जो पुरानी यादों, खुशी और प्रशंसकों की एनर्जी से भरा होगा। मैं बेहद उत्साहित हूं और इस इवेंट में शामिल होने और बॉलीवुड के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर और भी यादों भरे पल बिताने के लिए उत्साहित हूं। आईफा अवार्ड्स का आयोजन 8-9 मार्च 2025 को जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में होगा। इस साल के कार्यक्रम में शाहरुख खान और कार्तिक आर्यन पहली बार आईफा को होस्ट करेंगे। करण जौहर मुख्य कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे, जबकि अपारशक्ति खुराना भी आईफा में उनके साथ रहेंगे। फिल्म निर्माता-अभिनेता राकेश रोशन को आईफा में उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## एक्शन फिल्म गांधारी के लिए परफेक्ट हैं तापसी पन्नू

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपकमिंग फिल्म 'गांधारी' में खूब एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्म निर्माता-लेखिका कनिका ढिल्लों ने बताया कि तापसी में एक अलग तरह की फुर्ती है, वह एक्शन फिल्म के लिए परफेक्ट हैं। कनिका ने एक्शन सीन्स को बेहतरीन तरीके से निभाने के लिए तापसी की सराहना की। उन्होंने कहा, टीम एक सीन की शूटिंग कर रही थी, जिसमें तापसी के किरदार को एक दीवार पर चढ़ना था।बिना किसी बॉडी डबल या रिहर्सल के (हालांकि सभी सुरक्षात्मक उपाय अपनाए गए थे) तापसी एक ही टेक में पैंथर की तरह दीवार पर चढ़ गईं! मैं उस दिन सेट पर थी और जैसे ही शॉट कट हुआ, पूरा सेट तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा! उन्होंने कहा, यह देखना काफी प्रभावशाली था, तापसी में एक खास तरह की फुर्ती और चपलता है, जो उन्हें 'गांधारी' के लिए एकदम सही बनाती है। वह इस तरह के किरदार से सभी को आश्चर्यचकित करने जा रही हैं, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं निभाया है। कनिका ने फिल्म के अन्य कलाकारों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, इश्वाक के फिल्म से जुड़ने से फिल्म में प्रतिभा की एक नई लहर और कहानी में कई परतें जुड़ी हैं और मैं दर्शकों को देवाशीष मखीजा के अद्भुत निर्देशन में तैयार और तापसी-इश्वाक स्टारर जादू को दर्शकों के सामने रखने के लिए उत्साहित हूं। 'गांधारी' एक रोमांचक कहानी का वादा करती है, जिसके बैकग्राउंड में मनोरंजन, रहस्य और हाई एक्शन हैं। दर्शक तापसी पन्नू को एक मिशन पर निकली ऐसी मां के किरदार में देखेंगे, जो मजबूत है। कनिका ढिल्लों तापसी के साथ कई फिल्मों में साथ काम कर चुकी हैं, जिनमें 'मनमर्जियां', 'हसीन दिलरुबा', 'फिर आई हसीन दिलरुबा' शामिल हैं। कनिका ढिल्लों के बैनर कथा पिक्चर्स के बैनर तले 'गांधारी' का निर्माण हुआ है, जिसके निर्देशक देवाशीष मखीजा हैं। तापसी की बात करें तो वह आखिरी बार मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी 'खेल खेल में' फिल्म में नजर आई थीं। साल 2016 की रिलीज इतालवी फिल्म 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स' पर बनी फिल्म में तापसी के साथ अक्षय कुमार, फरदीन खान, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल अहम रोल में हैं।





## स्ट्रगल तो हमेशा रहता है ओटीटी से बदली किस्मत

बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना हर कलाकार के लिए एक लंबा सफर होता है। हाल ही में बातचीत में एक्टर तनुज विरवानी ने अपने करियर, संघर्ष, संतुष्टि और पिता बनने के अनुभव पर खुलकर बात की। बता दें, तनुज इनसाइड एज, कोड रू मुरशिद जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुके हैं। हाल ही में वे फिल्म लेट्स मीट में भी दिखाई दिए।

### संघर्ष और संतुष्टि की कहानी

शुरुआत के 10-12 सालों में मैंने बहुत कुछ देखा। ऐसे मौके भी आए जब लगा कि अब बैग पैक कर लेना चाहिए और पापा के बिजनेस में लग जाना चाहिए। शुरुआती दो-तीन फिल्मों के बाद कुछ भी काम नहीं कर रहा था। वो दौर बहुत मुश्किल था। तब वेब सीरीज का सहारा भी नहीं था, सिर्फ फिल्में और टेलीविजन थे। लेकिन फिर ओटीटी प्लेटफॉर्म ने मुझे एक सेकंड इनिंग्स दी। इनसाइड एज मेरे लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। उसके बाद से मुझे अलग-अलग जॉनर में काम करने का मौका मिला।

### क्या अपने सफर से संतुष्ट हैं?

संतुष्ट तो अभी भी नहीं हूं। भूख अभी भी बहुत है। इच्छा यही है कि अच्छे लोगों के साथ काम करूं और हर सेट पर जाकर कुछ नया सीखूं। मैं ट्रेन्ड ऐक्टर नहीं हूं, मैंने कहीं से भी एक्टिंग सीखी नहीं है। जो कुछ भी सीखा, दूसरों को देखकर, फिल्में देखकर, सेट पर रहकर सीखा। मेरे लिए जनी ही सबसे बड़ी सीख है। हर नया प्रोजेक्ट मेरे लिए एक नया चैलेंज होता है। मैं हर बार खुद को प्रूव करना चाहता हूं।

### क्या कोई स्पेशल जॉनर ज्यादा पसंद है?

जहां पैसे मिलते हैं... (हंसते हुए) मजाक कर रहा हूं। सच कहूं तो मुझे हर तरह के किरदार पसंद हैं। अगर मैं किसी डार्क, नेगेटिव या साइकोटिक रोल को निभा रहा हूं, तो उसके बाद मैं कुछ हल्का, मजेदार करना पसंद करता हूं। जैसे 'लेट्स मीट' जैसी फिल्में। इससे संतुलन बना रहता है। अभी क्या है? मैं रणबीर कपूर या शाहरुख खान नहीं हूं कि मेरे सामने सैकड़ों स्क्रिप्ट्स रखी होती हैं। जो मौके मिलते हैं, उन्हीं में से सबसे अच्छा चुनने की कोशिश करता हूं। यह किसी भी एक्टर के लिए रोमांचक दौर है क्योंकि वेब स्पेस तेजी से बढ़ रहा है और सिनेमा के अलग-अलग फॉर्मेट्स पर खूब काम हो रहा है। रणबीर कपूर और रणवीर सिंह जैसे सुपरस्टार्स बड़े नाम हैं, लेकिन असली वजह यह है कि वे अपने किरदार निभाते हैं और इसी वजह से हम उन्हें पसंद करते हैं।

### फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव और संघर्ष

तनुज मानते हैं कि इंडस्ट्री में बदलाव आया है, लेकिन स्ट्रगल कभी खत्म नहीं होता। ओटीटी ने काफी चीजें बदली हैं। अब हीरो वही नहीं होता, जिसे हर वक्त परफेक्ट दिखना होता है। अब आम आदमी भी हीरो बन सकता है। यही बदलाव मुझे पसंद है, क्योंकि अब किरदारों को निभाने का मौका मिलता है। लेकिन इंडस्ट्री में आपको हमेशा प्रोएक्टिव रहना पड़ता है। स्ट्रगल तो हमेशा रहता है। बस, आपको पता होना चाहिए कि कौन-कौन सी स्क्रिप्ट मार्केट में है, कौन-कौन से शोज या फिल्में बन रही हैं। अगर आप अपने घर बैठकर सोचते हैं कि काम खुद चलकर आएगा, तो ऐसा नहीं होता। आपको लोगों से मिलना पड़ता है, ऑडिशन देना पड़ता है। मेरा मानना है कि जितना ज्यादा ऑडिशन देंगे, आपकी एक्टिंग उतनी ही निखरेगी। मुझे लगता है कि आजकल लोगों के पास चॉइस बहुत हैं। इसलिए हर ऐक्टर को अपने टैलेंट को लगातार निखारते रहना चाहिए।

## एलनाज नौरोजी के हाथ लगी हॉलीवुड फिल्म



एलनाज नौरोजी बॉलीवुड फिल्मों और हिंदी वेब सीरीज में काफी समय से एक्टिव हैं। वह ईरानी-जर्मन मूल की मॉडल हैं, जो भारत में रहती हैं। हाल ही में एलनाज नौरोजी के हाथ एक हॉलीवुड फिल्म लगी है। इस फिल्म में उन्हें जाचरी लेवी और लियाम निसन के साथ काम करने का मौका मिलेगा। इससे पहले वह 'कंधार' नाम की एक हॉलीवुड फिल्म कर चुकी हैं। एलनाज के बॉलीवुड करियर की बात है तो वह 'सेक्रेड गेम्स' में जोया का किरदार निभा चुकी हैं। एक्ट्रेस हिंदी फिल्म 'हैलो चार्ली' और 'जुग जुग जीयो' में भी नजर आ चुकी हैं। एलनाज म्यूजिक वीडियो का भी हिस्सा रह चुकी हैं। वह साल 2018 में गुरु रंधावा के म्यूजिक वीडियो 'मेड इन इंडिया' में भी दिखी थीं।




# खुद को मानते हैं गणित का एक्सपर्ट तो इन फील्ड में बना सकते हैं शानदार करियर

**गणित का नाम चुनते ही बहुत से छात्र दूर भागते हैं, छात्रों के बीच गणित विषय को बेहद कठिन विषय समझा जाता है। यही कारण है कि गणित विषय की पढ़ाई के दौरान छात्रों को नींद तक आने लगी है। हालांकि यदि आप प्रारंभ से ही गणित विषय को सही प्रकार से समझें, तो इस विषय में अच्छी पकड़ बनाकर महारत हासिल कर सकते हैं। गणित विषय का मतलब केवल जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग देना नहीं है, इस विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद करियर की अपार संभावनाएं हैं। ज्ञान की दुनिया में गणित विषय असाधारण भाषा है, आज के समय में पूरी टेक्निलॉजी व इकोनॉमी जगत इसी भाषा पर टिका है।**

भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है। इस देश में प्राचीन काल के कई गणितज्ञों आर्यभट्ट, वराह मिहिर, महावीराचार्य, ब्रह्मगुप्त, श्रीधराचार्य ने अपने ज्ञान से इस मानव सभ्यता के विकास में योगदान दिया। वहीं आधुनिक काल में डॉ.गणेश प्रसाद, प्रोफेसर बीएन प्रसाद, श्रीनिवास रामानुजन इत्यादि ने गणित की सुदृढ़ नींव रखी है। इस आर्टिकल के माध्यम से आज हम आपको गणित में 8 ऐसे करियर ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपना शानदार करियर बना सकते हैं।

## इकोनॉमिस्ट

आर्थिक रुझानों का अन्वेषण करके उसका मूल्यांकन करने का कार्य एक इकोनॉमिस्ट करता है। साथ ही यह भविष्य को लेकर पूर्वानुमान जारी करता है। इनका कार्य विभिन्न विषयों जैसे महंगाई, कर, ब्याज दर, रोजगार का स्तर आदि का डेटा संग्रह करना है। ये उस डाटा पर रिसर्च व विश्लेषण करते हैं। एक इकोनॉमिस्ट बनने के लिए गणित विषय को जरूरी माना जाता है। इसके लिए इकोनॉमी में बैचलर डिग्री होना और गणित पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। इसके बाद इकोनॉमिक्स, इकोमेट्रिक्स, ऐप्लाइड इकोनॉमिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होना चाहिए।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर

सॉफ्टवेर इंजीनियरिंग में करियर की नींव ही गणित के ज्ञान से पड़ती है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का काम सॉफ्टवेयर डिजाइन करना और उसे डेवलप करना होता है। इस काम में छात्रों को कम्प्यूटर साइंस के साथ-साथ मैथ्स की थ्योरी और उनके सिद्धांतों का प्रयोग करना पड़ता है। इस क्षेत्र में एक्सपर्ट छात्रों के लिए बहुत अच्छे विकल्प मौजूद है, तथा अगले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं आने वाली हैं। जो छात्रों के हित में मददगार साबित होंगे।

## स्टैटिस्टिक्स

जिन लोगों को गणित में महारत हासिल है, उनके लिए स्टैटिस्टिक्स में करियर बनाना बहुत अच्छा विकल्प है। एक स्टैटिस्टिक्स को डाटा का विश्लेषण करना, परिणामों को चार्ट्स, बार ग्राफ, टेबल के रूप में प्रस्तुत करने का काम करना होता है। हेल्थ केयर, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में स्टैटिस्टिक्स की काफी मांग होती है। स्टैटिस्टिक्स बनने के लिए आपके पास मैथमेटिक्स स्टैटिस्टिक्स में स्नातक की डिग्री या फिर स्टैटिस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होना जरूरी है।

## चार्टर्ड एकाउंटेंट

अगर आप चार्टर्ड एकाउंटेंट बनना चाहते हैं, तो इसका जान लें कि इसका पहला रूल ही गणित में दक्ष होना है। क्योंकि चार्टर्ड एकाउंटेंट यानि कि सीए का पूरा काम एकाउंटिंग, ऑडिटिंग और टैक्सेशन से जुड़ा होता है। अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि के चलते फाइनेंस और एकाउंट से जुड़े क्षेत्रों में करियर के नए स्कोप जुड़ते जा रहे हैं। गणित में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा करियर विकल्प बन सकता है।

## डाटा एनालिस्ट

डाटा एनालिस्ट का गणित से अटूट संबंध है। इसके लिए विभिन्न गणितीय सूत्रों और एल्गोरिदम के व्यापक ज्ञान की आवश्यकता होती है। एक डाटा एनालिस्ट का कार्य डेटा एकत्र करना और मिलान करना, डैशबोर्ड बनाना, संबंध डेटाबेस को डिजाइन करना और बनाए रखना जैसे बहुत कुछ शामिल है। वे संगठनात्मक लक्ष्यों को निर्धारित करने, डेटा को साफ करने, व्याख्या करने और विश्लेषण करने, अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट करने और हितधारकों के लिए आगे का रास्ता बताने के लिए आईटी फंक्शन के साथ मिलकर काम करते हैं। डाटा एनालिस्ट के पास अच्छा विश्लेषणात्मक कौशल, विभिन्न सांख्यिकीय टूल का नॉलेज होना जरूरी है।

## बैंकिंग

अगर आपकी गणित में अच्छी पकड़ है तो आपके लिए बैंकिंग सेक्टर में व्यापक करियर ऑप्शन मिल जाएंगे। यहां पर आप एकाउंटेंट, कस्टमर सर्विस, फ्रंट डेस्क, कैश हैंडलिंग, एकाउंट ओपनिंग, करंट एकाउंट, सेविंग एकाउंट, लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, रिकवरी ऑफिसर के प्रोफाइल्स पर अपना शानदार करियर बना सकते हैं। इन सभी में मैथमेटिकल स्किल्स का होना जरूरी है।

## मैथमेटिशियन

अगर आपको लगता है कि मैथ के साथ आपका कई जन्मों का रिश्ता है और आप अपने आप को इस विषय में सबसे ज्यादा माहिर समझते हैं, तो मैथमेटिशियन बनना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह ऐसा प्रोफेशन है, जहां पर गणित के बुनियादी क्षेत्र का अध्ययन या रिसर्च संबंधी कार्य किया जाता है। इसके अलावा इनका कार्य लॉजिक, ट्रांसफार्मेशन, नंबर आदि समस्याओं का निर्धारण करना भी है। इस क्षेत्र में भी गणित का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। इस क्षेत्र में छात्र अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

## कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट

कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट आईटी टूल्स का उपयोग करते हुए किसी भी एंटरप्राइजेज को लक्ष्य पूरा करने में मदद पहुंचाते हैं। यदि आपको गणित का ज्ञान नहीं तो आप इस फील्ड में आगे नहीं बढ़ सकते। वहीं अगर आपका गणित के प्रति रुझान है तो आप इस विषय में मास्टर हैं, तो यहां पर शानदार करियर बना सकते हैं। ज्यादातर सिस्टम एनालिस्ट अपना काम कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर के जरिए करते हैं तथा इसे ठीक तरह से समझने के लिए गणित पहली नींव है।



हमारे देश में लाखों लोग ऐसे हैं, जो शानदार तरीके से इंग्लिश को लिखना और समझना जानते हैं, लेकिन जब बात इंग्लिश स्पोकन की आती है, तो वो भी हाथ खड़े कर लेते हैं। वहीं कई ऐसे लोग भी होते हैं जिनकी इंग्लिश स्पीकिंग स्किल्स अच्छी होती है, लेकिन वह फ्लो और नेटिव इंग्लिश बोलना चाहते हैं। नेटिव इंग्लिश के लिए एक अच्छे प्रोसेस की जरूरत होती है, जिसमें न सिर्फ बोलना, बल्कि सुनना भी बेहद जरूरी है।

# चाहते हैं नेटिव स्पीकर्स की तरह इंग्लिश बोलना तो इन टिप्स को करें फॉलो

ग्लोबलाइज होती इस दुनिया में आज के समय इंग्लिश लैंग्वेज का आना बहुत जरूरी है। इस लैंग्वेज में आपको जितनी माहरत हासिल होगी, आपको करियर में आगे बढ़ने के मौके भी उतने ही मिलेंगे। हमारे देश में लाखों लोग ऐसे हैं, जो शानदार तरीके से इंग्लिश को लिखना और समझना जानते हैं, लेकिन जब बात इंग्लिश स्पोकन की आती है, तो वो भी हाथ खड़े कर लेते हैं। वहीं कई ऐसे लोग भी होते हैं जिनकी इंग्लिश स्पीकिंग स्किल्स अच्छी होती है, लेकिन वह फ्लो और नेटिव इंग्लिश बोलना चाहते हैं। नेटिव इंग्लिश के लिए एक अच्छे प्रोसेस की जरूरत होती है, जिसमें न सिर्फ बोलना, बल्कि सुनना भी बेहद जरूरी है। जब भी आप किसी नेटिव स्पीकर को इंग्लिश बोलते हुए सुनते हैं, तो उनसे सीखना बेहद आसान हो जाता है। तो चलिए जानते हैं कौन-सी हैं वे आसान टिप्स, जिनसे आप भी नेटिव इंग्लिश बोलना सीख सकते हैं।

### अपने एक्सेंट पर ध्यान दें

इंग्लिश लैंग्वेज में मोटिवेशन, रिपीट करना और एक्सपोजर बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए, नेटिव स्पीकर्स की लाइंस, सेंटेंस और भावों को दोहराएं, उन्हें अपने रोजाना के कम्युनिकेशन में इस्तेमाल करके याद रखने की कोशिश करें। साथ ही ऐसे लोगों के साथ संपर्क बनाए रखें, जिसकी नेटिव इंग्लिश बहुत अच्छी हो। संभव हो तो सोशल मीडिया के माध्यम से किसी विदेशी के संपर्क में रहने की कोशिश करें और उससे बातचीत करें। इससे आपकी झिझक खत्म हो जाएगी और आप उनके मॉडुलन, इंटोनेशन और सबसे जरूरी कल्चर के आदी हो जाएंगे।

### शब्दावली अच्छी करें

अगर इंग्लिश में अपनी पकड़ बनाना चाहते हैं तो, किसी भी नए इंग्लिश कंटेंट को सुनने के बाद उसे रिकॉल जरूर करें यानि दोहराते रहें। अपनी इंप्रूव की गई शब्दावली को लिखें और उसे रोजाना याद करें। जब भी आप इंग्लिश का टेस्ट, मॉक टेस्ट या एग्जाम देते हैं, तो ज्यादा से ज्यादा नई शब्दावली का इस्तेमाल करें। जब भी हम नेटिव स्पीकर को भाव व्यक्त करते हुए सुनते हैं, तो उसे इस्तेमाल करना आसान हो जाता है। कभी-भी अपनी शब्दावली को रिकॉल करना न भूलें, उन्हें लॉन्ग टर्म मेमोरी में रखें। टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल करें इंग्लिश स्पीकिंग में सुधार के लिए आप टेक्नोलॉजी का उपयोग भी कर सकते हैं। इंग्लिश के अपने एक्सेंट, वाक्यांश और एक्सप्रेशन को रिकॉर्ड करने के लिए आप अपने स्मार्ट फोन का उपयोग करें। अपनी स्पोकन को रिकार्ड करके उसकी दूसरी रिकॉर्डिंग के साथ तुलना करें। अपनी कमियों में सुधार करके वापस रिकॉर्ड करें और खुद को अच्छा करने के लिए मोटिवेट करें। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से नेटिव ट्यूटर्स की वीडियो देखें। इंग्लिश फिल्में और गाने देखें, जिससे आप उनका कल्चर भी समझ सकें। नेटिव स्पीकर्स के एक्सप्रेशन और बातचीत की स्किल्स को याद करने के लिए, संगीत, गीत, शब्द और म्युजिक आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकते हैं।

### अपनी वॉइस पर ध्यान दें

नेटिव इंग्लिश बोलने वालों की तरह अपनी वाइस को सही करने के लिए आपको बोलने वाले शब्दों को समझना भी जरूरी है। आप जो शब्द कहते हैं उसे जरूर समझें और नेटिव स्पीकर की तरह एक्सेंट में बोलें। इंग्लिश बोलते हुए आपके शब्दों की स्पीड, क्लैरिटी और टोन में सुधार आपकी स्पीकिंग को बेहतर बनाने में मदद करेगा। यह टिप नेटिव स्पीकर्स को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। रोजाना इडियम सुनें और उन्हें अपनी बोलचाल में इस्तेमाल भी जरूर करें।

### जोर से बोलकर पढ़ें

अपनी इंग्लिश स्पीकिंग को बेहतर बनाने के लिए इसे जोर से पढ़ना काफी फायदेमंद रहता है। यह अपनी एक्सेंट पर काम करने का एक शानदार तरीका है, इससे आपके शब्दो में क्लैरिटी आएगी। अगर आपने नेटिव स्पीकर्स को सुनने में काफी समय बिताया है, तो उनके बात करने के तरीके की नकल करने का प्रयास करें। भाषा के फ्लो के साथ अपनी आवाज को तेज और धीरे करने की कोशिश करें। ध्यान रखें जब भी आपको किसी शब्द में कंफ्यूजन हो, तो नेटिव स्पीकर उसे कैसे बोलते हैं यह जानना न भूलें।

### स्लैंग बोलते समय अपनाएं ये तरीका

अलग-अलग नेटिव स्पीकर्स अपने कम्युनिकेशन के दौरान अलग-अलग तरह के स्लैंग का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इनका मतलब एक ही होता है, लेकिन नेटिव स्पीकर्स अपने मुताबिक उन्हें बोलते हैं। आप एक नेटिव स्पीकर्स की तरह बोलेने में कभी झिझकें नहीं। अगर आप कलती करोगे तो उसे सीख कर सुधार भी करोगे, लेकिन अगर आप बोलोगे ही नहीं तो कुछ सीख भी नहीं पाओगे।



# क्रिकेट में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो ऐसे करें तैयारी

क्रिकेट में करियर बनाने के लिए आपको पहले क्रिकेट सीखने के लिए अकादमी जॉइन करनी पड़ेगी। देश के सभी बड़े शहरों में क्रिकेट अकादमी हैं जहां पर आप ट्रेनिंग के लिए दाखिला ले सकते हैं। अकादमी में दाखिला लेने से पहले उस संस्थान और कोच के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। अगर आपके बच्चे को क्रिकेट में रूचि है तो आप बचपन से ही उसकी ट्रेनिंग शुरू कर दें। वैसे तो क्रिकेट खेलने और सीखने की कोई निर्धारित उम्र नहीं होती लेकिन एक्सपर्ट्स के मुताबिक बच्चे की ट्रेनिंग 7 से 8 साल की उम्र से ही शुरू कर देनी चाहिए।

### क्रिकेट अकादमी में लें दाखिला

क्रिकेट में करियर बनाने के लिए आपको पहले क्रिकेट सीखने के लिए अकादमी जॉइन करनी पड़ेगी। देश के सभी बड़े शहरों में क्रिकेट अकादमी हैं जहां पर आप ट्रेनिंग के लिए दाखिला ले सकते हैं। अकादमी में दाखिला लेने से पहले उस संस्थान और कोच के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। दाखिला लेते समय यह भी ध्यान रखें कि जिस अकादमी में आप दाखिला लेने जा रहे हैं उसका आपके राज्य के क्रिकेट संघ के साथ संबंध होना चाहिए, यह आपके भविष्य के लिए अच्छा रहेगा।

### कैसे होगा आगे के लिए चयन

क्रिकेट अकादमी के दाखिला लेने के बाद खिलाड़ी को कई लेवल पार करने होते हैं। सबसे पहले छात्रों को सम्बंधित क्रिकेट क्लबों के द्वारा आयोजित घरेलू टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलता है। अगर आपका सिलेक्शन अंडर 15 में नहीं होता तो आपके पास अंडर 16, 17, 18 आदि में खेलने का मौका होता है। इसके बाद आप खेलते-खेलते आप नेशनल टीम जैसे रणजी, इंडिया अंडर 19 टीम में पहुंच सकते हैं। अगर रणजी में आपका अच्छा प्रदर्शन रहा तो आपका सिलेक्शन आईपीएल और टीम इंडिया में भी हो सकता है।

### कठिन परिश्रम और धैर्य की होगी जरूरत

क्रिकेटर बनने के लिए आपको कठिन परिश्रम करने की जरूरत होगी। क्रिकेट में कॅरियर बनने के लिए आपको धैर्य रखते हुए मेहनत करनी होगी। शुरुआत में भले ही आपको सफलता ना मिले लेकिन धैर्य और मेहनत से आप एक दिन अपने लक्ष्य को जरूर प्राप्त करेंगे।

# सीजीएल परीक्षा को करना है क्रैक तो इस तरह करें पुख्ता तैयारी

**कर्मचारी चयन आयोग ने सीजीएल परीक्षा के लिए भर्ती शुरू कर दी है। आयोग ने इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 जनवरी, 2022 तक शुरू किया है। रेलवे, वित्त, सीएजी, सूचना प्रौद्योगिकी सहित अनेक विभागों में अलग-अलग पदों पर भर्ती निकली है। सीजीएल टियर-1 की परीक्षा अप्रैल में होगी। वहीं इसके टियर-2 और टियर-3 की परीक्षा की तारीख बाद में घोषित की जाएगी।**

कर्मचारी चयन आयोग ने सीजीएल परीक्षा के तहत असिस्टेंट अफसर, असिस्टेंट सेक्शन अफसर, असिस्टेंट एकाउंट अफसर, असिस्टेंट इनफॉर्मेशन अफसर, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, ऑडिटर, टैक्स असिस्टेंट, आदि पदों पर भर्ती निकली है। इस परीक्षा को क्रैक करना लाखों युवाओं का सपना होता है। अगर आप भी इस परीक्षा को पास कर अच्छी सरकारी जॉब करना चाहते हैं, तो आपकी तैयारी पुख्ता होनी चाहिए।

### सिलेबस अच्छे समझ लें

सीजीएल परीक्षा की तैयारी करने से पहले सिलेबस को पूरी तरह समझना जरूरी है। इसके सिलेबस में पहेलियां, आकृति-आधारित प्रश्न, कोडिंग-डिकोडिंग, श्रृंखला जैसे विषय पर विशेष रूप से ध्यान दें, क्योंकि ये स्कोरिंग होते हैं। इन्हें हल करना शुरू करें और फिर, अधिक बहुमुखी प्रश्नों पर आगे बढ़ें। यदि आप नियमित रूप से अभ्यास करते हैं, तो आप कुछ हफ्तों के भीतर ही अपनी तैयारी में काफी सुधार देखेंगे। वहीं नॉन-वर्बल रीजनिंग विषय जैसे इमेज असेंबलिंग, फिगर-काउंटिंग आदि प्रश्नों को छोड़ें या अनदेखा न करें। क्योंकि वे शुरू में आपको समय लेने वाले लग सकते हैं। उनका अभ्यास करना उन्हें कम समय लेने वाला बनाने का सबसे अच्छा तरीका है। अभ्यास करते समय आपको उचित सटीकता के साथ 20 मिनट में कम से कम 1520 प्रश्नों का प्रयास करना चाहिए। परीक्षा में भी, इस खंड को पूरा करने की कोशिश 20 मिनट से अधिक समय न दे।



### प्रभावी प्रैक्टिस कंटेंट तैयार करें

सीजीएल परीक्षा की तैयारी के लिए अगर आप किसी कोचिंग संस्थान में जा रहे हैं, तो आपको कोचिंग के शेड्यूल अनुसार चलना पड़ेगा। वहीं हमारा सुझाव है कि, इसके अलावा भी आप अपनी ताकत और कमजोरियों के आधार पर अपनी खुद की अध्ययन योजना तैयार करें। एसएससी सीजीएल के लिए सही विश्लेषण का उपयोग कर आप यह जान सकते हैं कि अपनी परीक्षा तैयारी कैसे शुरू की जाए। क्योंकि आपको अपनी कमियों के बारे में पूरी जानकारी होती है।

### ग्रुप डिस्कशन में भाग लें

इस परीक्षा की तैयारी में यह सबसे ज्यादा मदद करता है। अगर आप घर पर तैयारी कर रहे हैं, तो आपको एसएससी सीजीएल के बारे में डिस्कशन करना बहुत मुश्किल हो सकता है। इसलिए आप ऑनलाइन माध्यम से अध्ययन मंचों में भाग जरूर लें। इसके लिए आप उन मंचों का चुनाव करें, जो आपको इनपुट और शॉर्टकट प्रदान करने के अलावा आपकी सैद्धांतिक शंकाओं को दूर करने में पूरी तरह सक्षम हों।

### ऑनलाइन क्लास में दाखिला लें

अगर आपने किसी कोचिंग सेंटर में दाखिला नहीं लिया है, तो किसी ऑनलाइन क्लास में दाखिला जरूर लें। आज के समय में कई एजुकेशन वेबसाइटें विशेष रूप से एसएससी सीजीएल परीक्षा के लिए मुफ्त ऑनलाइन क्लास देती हैं, इनमें दाखिला लेकर अपनी तैयारी करें। साथ ही उनके द्वारा प्रकाशित अध्ययन सामग्री को मुफ्त में डाउनलोड करें और प्रतिदिन करेंट अफेयर्स पढ़े।

### टाइम टेबल बनाकर अध्ययन करें

सभी उम्मीदवारों को इस परीक्षा को क्रैक करने के लिए बहुत मेहनत की आवश्यकता होती है, इसलिए प्रतिदिन 6 से 8 घंटे बिना किसी व्यवधान के अध्ययन करना बेहद जरूरी है। इसका सिलेबस बहुत व्यापक है, अगर आप इतना समय नहीं देंगे, तो इसका सिलेबस पूरा नहीं कर पाएंगे। इसके लिए आप टाइम टेबल बनाए और छोटे-छोटे ब्रेक के साथ अध्ययन करें।

### हर सप्ताह एक प्रैक्टिस पेपर जरूर सॉल्व करें

परीक्षा में अपनी गति बनाने के लिए और प्रश्नों के पैटर्न को समझने के लिए हर सप्ताह एक प्रैक्टिस पेपर जरूर सॉल्व करें। वहीं जब परीक्षा नजदीक आ जाए तो प्रतिदिन इन पेपरों को हल कर अपनी क्षमता को पहचानें। इससे आपको अपनी कमियों के बारे में पता चलेगा।

### मॉक टेस्ट लें

चूंकि एसएससी सीजीएल परीक्षा अब ऑनलाइन आयोजित की जाती है, इसलिए उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा से परिचित होना चाहिए। इसके लिए आपको मॉक टेस्ट देकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। इस तरह के मॉक टेस्ट ऑनलाइन फ्री और पैसे देकर दोनों तरह से मिल जाते हैं।

### तनाव से दूर रहें

इस परीक्षा की तैयारी करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। आप बहुत तनाव और चिंता में रहते होंगे, लेकिन यह स्मार्ट अध्ययन के लिए अनुकूल नहीं हैं। परीक्षा के दिन चिंता आपको अस्थिर कर सकती है। इसलिए आपको तनाव को मैनेज करना होगा। अपने अध्ययन की योजना इस तरह बनाएं कि आप परीक्षा से कम से कम 3 महीने पहले पूरा पाठ्यक्रम पूरा कर लें। परीक्षा से पहले के उन 3 महीनों में, बार-बार रिवीजन और अभ्यास करने का प्रयास करें।

## दूदू को पुनः जिला बहाल करने के लिए ताज मोहम्मद रंगरेज के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**दूदू(निसं)।** पूरक बजट में दूदू को पुनः जिला बहाल करने की मांग का मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दूदू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता ताज मोहम्मद रंगरेज के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान रामबाबू शर्मा, श्रवण नवल,सुबराती गोड़, डॉ. आमीन, मधुसूदन दाधीच, सत्यनारायण सैनी,खाजू शाह, भागचंद जैन, उदय सिंह चौधरी, फूल मोहम्मद शेख, यूसूफ जिंदरान,बलवंत चौधरी, हरीश साहु, दीपक दाधीच, इमरान खान,मदारबक्ष नागौरी, इरफान खलीफा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कैरियर गाइडेंस सेमिनार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### स्किल्स में है रोजगार के बेहतर अवसरः

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती सीतापुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को एनएसएचआरडी एनजीओ व भारती पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य महेश यादव सहित उपस्थित लोगों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वही प्रधानाचार्य यादव ने बताया की कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों को कैरियर से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई।इस दौरान एफआईआईटी कंप्यूटर इंस्टीट्यूट व एनजीओ के प्रतिनिधि कमल यादव,जितेंद्र प्रजापत ने उपस्थित विद्यार्थियों को कक्षा 10 व कक्षा 12 के बाद रोजगार के अवसरों के बारे में बताया।साथ ही किस प्रकार से अपना केरियर बना सकते हैं पूरी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संगठन से दीपक सिंह शेखावत, जाकिर खान,दीपक टांक व विद्यालय स्टाफ में प्रधानाचार्य महेश कुमार यादव राजेश सैनी सहित आने को विद्यार्थी व लोग मौजूद थे।

## अग्निशमन निरोधक समिति की हुई बैठक

### अग्निशमन समिति अध्यक्ष पारस जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर गुरूवार को अग्निशमन निरोधक समिति की बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक अग्निशमन निरोधक समिति अध्यक्ष पारस जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में फायर स्टेशनों के नवीनीकरण एवं रख-रखाव में सुधार, फायर स्टेशनों की मरम्मत और आवश्यक निर्माण कार्यों की समीक्षा, फायर वाहनों के रख-रखाव, फायर में स्थायी फायरमैनों के पद बढवाने, फायर एन.ओ.सी. के संबंध में आम जन को जागरुक करने सहित फायर स्टेशनों पर महिला एवं पुरूष के अलग अलग टॉयलेट बनवाने फायरमैन के लिए सुरक्षा जैकेट एवं अन्य उपकरण उपलब्ध करवाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में समिति सदस्य शक्तिप्रकाश यादव, लक्ष्मण नूनीवाल, गोविंद छीपा, पूजा गुरनानी, शाहरूख खान, अंकित वर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतम लाल, अग्निशमन अधिकारी देवांग यादव, उषा शर्मा, सुरेश कुमार यादव, तपेन्द्र सिंह राजावत, सोबिया सैयद मौजूद रहे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, स्वच्छता प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सी.एस.आई. को आयुक्त ने किया सम्मानित

### मुख्य सफाई निरीक्षक शिवचरण, ताराचंद, वीरेन्द्र कुमार हुए सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** स्वच्छ सर्वेक्षण - 2024 के अंतर्गत विशेष स्वच्छता प्रतियोगिता (कैरिंग चार्ज) के तहत बेहतरीन कार्य करने वाले तीन मुख्य सफाई निरीक्षकों को आयुक्त रुकमणी रियाड़ द्वारा गुरूवार को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मुख्य सफाई निरीक्षकों में मुरलीपुरा जोन से शिवचरण, मानसरोवर जोन से श्री ताराचंद, झोटवाडा जोन से विरेन्द्र कुमार को सम्मानित किया गया। आयुक्त रुकमणी रियाड ने सम्मानित होने वाले मुख्य सफाई निरीक्षक को शुभकामनाएं दी। साथ ही अन्य सी.एस.आई. को इनसे प्रेरणा लेकर आने वाले सप्ताह में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। आगामी सप्ताह में वार्डो में बेहतर रखरखाव, अपने जोन के कॉमर्शियल और रेजिडेन्सीयल क्षेत्र में सफाई सुनिश्चित रखने, सार्वजनिक स्थानो, बाजारो और आवासीय क्षेत्रो की नियमित सफाई के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा ।

## महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला मजिस्ट्रेट एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**सवाई माधोपुर(निस)** जिला मजिस्ट्रेट शुभम चौधरी ने महाशिवरात्रि महोत्सव मेला 2025 को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने, क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट चौथ का बरवाड़ा को मेला मजिस्ट्रेट एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। वहीं तहसीलदार चौथ का बरवाड़ाको सहायक मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के रक्तदान शिविर में 483 यूनिट रक्त एकत्रित

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रेलकर्मियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया और 483 यूनिट रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस शिविर में 1000 से अधिक रेलकर्मियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 483 ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री विनोद मेहता, लॉयन्स क्लब के पीएमसीसी रोशन सेठी, मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार, अपर मंडल रेल प्रबंधक संजीव दीक्षित और केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के एमडी डॉ. वासुदेवन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल के अध्यक्ष सौरभ दीक्षित और मंत्री महेश शर्मा ने की। मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने बताया कि यह रक्तदान शिविर मजदूर संघ और लॉयन्स क्लब के सहयोग से वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य रेलकर्मियों को किसी आकस्मिक स्थिति में रक्त की कमी से बचाना है। उन्होंने कहा कि रक्तदाताओं की देखभाल के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें उन्हें दूध-जलेबी और भोजन की सुविधा दी गई। मंडल प्रवक्ता अनिल चौधरी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर बेहद सफल रहा और इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। इस शिविर में विश्वसनीय ब्लड बैंकों जैसे जानना अस्पताल ब्लड बैंक, जयपुरिया अस्पताल ब्लड बैंक, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और दुर्लभजी ब्लड बैंक को आमंत्रित किया गया, ताकि जरूरतमंद लोगों को रक्त आसानी से उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में लॉयन्स क्लब के लायन जस्टिस नरेंद्र जैन, लायन गोविंद शर्मा, लायन रोशन सेठी, समन्वयक लायन नेमी पाटनी, संयोजक लायन सुरेंद्र कुमार पांड्या सहित उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मंडल के विभिन्न पदाधिकारी और सैकड़ों रेलकर्मी शामिल हुए। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रेलकर्मियों को बधाई देते हुए आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

# एमजेएफ कॉलेज में आधुनिक पशुपालन पर तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

जयपुर टाइम्स



**चौमू, जयपुर(निसं.)।** एमजेएफ कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनीमल साइंसेस में 17 से 19 फरवरी 2025 तक किसानों के लिए "आधुनिक विधि से पशुपालन" विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन एमजेएफ समूह के निदेशक कैलाश राज सैनी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. मुकुंद आमले ने किया, जबकि प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. शुभम मंढळे ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की व्याख्या की। इस कार्यशाला में 25 किसानों ने भाग लिया, जिन्हें सूचना किट और प्रशिक्षण मार्गदर्शिका प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विशेषज्ञों ने पशुपालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों पर व्याख्यान दिए। डॉ. अभिषेक सैनी ने "पशुओं का आवास व्यवस्था और खिलाने का बक्सा निर्माण" पर जानकारी दी, जबकि डॉ. रामप्रसाद मंधाले ने "पशुओं के लिए पानी की आवश्यकता और प्रबंधन" पर मार्गदर्शन किया। इसके अलावा, डॉ. ऋषि कुमार ने "चारा के प्रकार और खेत में चारा तैयार करने की विधि" विषय पर प्रशिक्षण दिया, और डॉ. अश्विनी बांसोड़ ने "सिलेज और चारा से सिलेज तैयार करने की विधि" पर अपने विचार साझा किए। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. अभिषेक सैनी और डॉ. राजेश्वर खांदरे ने किसानों को महाविद्यालय के पशु उत्पादन क्षेत्र का दौरा कराया, जहां उन्होंने पशुपालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को नए व्यापार प्रारंभ करने और टीकाकरण कार्यक्रम पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के समापन अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के उपलक्ष्य में कैलाश राज सैनी और डॉ. मुकुंद आमले ने किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर डॉ. विजय शर्मा, डॉ. पवन सैनी, डॉ. राजेश्वर खांदरे और डॉ. अश्विनी बांसोड़ सहित महाविद्यालय के कई स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण से किसानों को पशुपालन की आधुनिक तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त हुई, जिससे वे अपने व्यवसाय को अधिक वैज्ञानिक और लाभदायक बना सकेंगे।

# आमजन के परिवादों का समयबध्द एवं संतुष्टिपूर्ण हो निस्तारणः जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** प्रति माह होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन गुरूवार को मुख्य सचिव राजस्थान सुधांश पंत की अध्यक्षता में जयपुर से वीसी के माध्यम से हुआ। जिसमें जिला कलक्टर्स, जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में भाग लिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान के आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण के लिए राजस्थान सरकार कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रतिमाह प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरूवार को त्रिस्तरीय जनसुनवाईयों का आयोजन पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर किया जाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूर्ण लगन, संवेदनशीलता के साथ आमजन की सुनवाई कर उनकी समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य परिवादों का प्राथमिकता के साथ प्रभावी एवं गुणवत्ता युक्त निस्तारण करना है। उन्होंने बार-बार जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का अगली जनसुनवाई से पूर्व निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन योजना के ई रिक्शा की सब्सिडी दिलवाने, मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता दिलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, बर्खास्त शिक्षिका संजू मेघवाल से मानदेय व भत्ते वसूलने, कब्रिस्तान का सीमाज्ञान करवाकर अतिक्रमण हटवाने, विवादित भूमि का सीमाज्ञान करवाने, सिवायचक भूमि से अतिक्रमण हटवाने, अवैध बिजली कनेक्शन हटवाने, आयुष्मान कार्ड चालू करवाने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने, आवासीय पट्टा दिलवाने, खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिलवाने, बन्द रास्ते को खुलवाने, एफआईआर दर्ज करवाने, पुलिस द्वारा परिवाद दर्ज नहीं करने, भूमिहीन पूर्व सैनिक को भूखण्ड दिलवाने, माननीय न्यायालय के आदेश की पालना करवाने, आम रास्तों की सफाई करवाने, वार्ड नंबर 48 में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने, वार्ड नंबर 48 में बिजली के झूलते तारो को सही करवाने, वार्ड नंबर 48 में पानी की समस्या का निराकरण करवाने, बड़ा गांव सरवर में रोड़वेज सुविधा उपलब्ध करवाने, सीसी सड़क बनवाने, अधूरी पड़ी सीवरेज लाईन का कार्य पूर्ण करवाने, साईबर ठगी के रूपये दिलवाने, छात्रवृति दिलवाने सहित 62 प्रकरणों पर सुनवाई कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, एसडीएम अनूप सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा, पीएमओं डॉ. तेजराम मीणा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुतली बम ब्लास्ट में किसान का पेट फटाः आंतें बाहर आईं

जयपुर टाइम्स

**पाली(निस)** पाली में बुधवार रात को खेत की रखवाली करने गए एक किसान ने सुतली बम फोड़ा। हादसे में सुतली बम उछलकर सीधा उसके पेट में लगा, जिससे बड़ा घाव हो गया। हादसे में किसान का पेट फट गया और उसकी आंतें व अमाशय बाहर आ गए। किसान ने अपने परिजनों को फोन कर बम फटने की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल किसान को पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। बांगड़ अस्पताल के सर्जन डॉ. जेपी रांगी ने बताया- युवक के पेट में गहरा घाव था, जिससे उसकी आंतें व अमाशय बाहर आ गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे उसी रात जोधपुर रेफर कर दिया गया। घायल के परिजन ने बताया- इन्द्रको की ढाणी (सरदारसमंद रोड) में रहने वाला दिलीप (25) पुत्र लक्ष्मणराम बुधवार शाम को खेत में रखवाली के लिए गया। जहां वह अपने साथ एक सूतली बम भी लेकर गया। इसको फोड़कर वह नीलगाय और अन्य जंगली जानवरों को भागते थे। खेत में बुधवार रात करीब 10 बजे पटाखा जलाया। लेकिन वह दूर हटता इससे पहले पटाखा फट गया और उसके पेट पर आकर लगा। हादसे में उसका पेट फट गया।इसके बाद घायल हालत में दिलीप ने फोन कर घर पर घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और रात करीब 12 बजे उसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया।

पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रॉमा वार्ड के इंचार्ज डॉक्टर सुखदेव चौधरी ने बताया कि घायल मरीज के परिजन ने बताया कि खेत में रखवाली करते समय युवक ने सुतली बम फोड़ा था। पास ही पड़ी कांच की बोतल बम के धमाके में फूट गई। उसके कांच के टुकड़े उछल तेज स्पीड में युवक के पेट में लगे। जिससे घाव हो गया। घायल की हालत गंभीर होने के चलते उसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया।

## 20 से 22 फरवरी तक यहां लगेंगे फार्मर रजिस्ट्री शिविर

**सवाई माधोपुर (निस)**जिला कलक्टर ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान तहत पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत डेहकवा, चौथ का बरवाड़ा की महापुरा, मलारना डूंगर की निमोद, बौंली की कोड्याई, मित्रपुरा की बोरदा, गंगापुर सिटी की खूटला सलोना, बामनवास की चांदनहोली, वजीरपुर की खण्डीप, तलावाड़ा की बुचौलाई एवं बरनाला की फुलवाडा ग्राम पंचायत में 20 से 22 फरवरी, 2025 तक फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )

मुकदमा नम्बर 56/2024

चूंकि श्री चन्द्र प्रकाश पुत्र श्री पूरणमल मीना निवासी ग्राम रामपुरावास पोस्ट चावंडिया तहसील आंधी जिला जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास आशावरी माता बाँसकुआ गौत्र कुलदेवी समिति कार्यालय का पता-ग्राम पोस्ट बाँसखोह तहसील बस्सी जिला जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19/2/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 25/4/25

सहायक आयुक्त(प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड रतनगढ़**

क्रमांक-3812-3821 दिनांक- 12.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या- 22/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरू में सड़क निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www. eproc. rajasthan. gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB No PWD2425A4193

UBN No -

1. PWD24252WSOB15089 2. PWD24252WSOB15091
3. PWD24252WSOB15098 4. PWD24252WSOB15099
5. PWD24252WSOB15100 6. PWD24252WSOB15101
7. PWD24252WSOB15102

DIPR/C/2098/2025

अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि खण्ड रतनगढ़

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No: 3803-11 Date: 12.02.2025

**Notice Inviting Bid No 21/2024-25**

Bids for 8 (Eight Nos) work are invited from interested bidders upto 3.00 PM dated 21.02.2025 Other Particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website th. The approximate value of the procurement is Rs. 39.59 Lacs

NIB No:- PWD2425A4191

UBN No :-

1. PWD2425WSOB15072 2. PWD2425WSOB15073
3. PWD2425WSOB15074 4. PWD2425WSOB15076
5. PWD2425WSOB15077 6. PWD2425WSOB15079
7. PWD2425WSOB15081 8. PWD2425WSOB15083

DIPR/C/2097/2025

Executive Engineer
PWD Dn Ratangarh

**GOVERNMENT OF RAJASTHAN
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER, CIRCUIT HOUSE, JAIPUR**

REF.No./CH/JAI/2025/2832 DATE: 14.02.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Providing following Works at Circuit House, Jaipur are invited from interested Bidders up to 05.00 PM Date 23.02.2025. Other particulars of the Bid may be viewed on the procurement portal (http:// sppp. raj.nic.in) of the state.

| Sr.No | Bid Detail | Portal | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Furniture Repair Work at Circuit House, Jaipur Premises. | SPPP | GAD 2425 WSOB 00069 |

DIPR/C/2271/2025

GENERAL MANAGER
CIRCUIT HOUSE, JAIPUR

**कार्यालय परीक्षा समन्वयक एवं अति. जिला कलक्टर, चूरू**

क्रमांक-जिशिअ /माशि / चूरू / 2024 2035 दिनांक- 18/02/2025

**NIB 2028/24-25**

Bids for E&am Coordinator & ADM is invited from Interested Bidders up to 24-02-2025 at 12-00pm as per following details. Other particulars of the Bid may be visited on SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN of the state.

| Si no | Work Name | NIB NO | Estimate (in Lakh) | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Videography Work | 2028/24-25 | 09.00 | RSE2425A1176 | RSE24255SRC02431 |

DIPR/C/2170/2025

सह परीक्षा समन्वयक
एवं जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्या.) माध्यमिक, चूरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर**

e-mail : coproj.chuphed@rajasthan.gov.in

क्रमांक- 2103 दिनांक- 12/02/25

**निविदा संशोधन सूचना**

इस कार्यालय कि निविदा सूचना सं. 32-34 / 2024-25 एवं निविदा सूचना सं. 43-44 / 2024-25 के निविदा प्रपत्र मे निविदा खोलने का समय दिनांक 13.02.2025 को प्रातः 11.00 बजे अंकन हो गया, जिसमे निम्नानुसार संशोधन किया जाता है ।

उक्त निविदाएं दिनांक 20.02.2025 सांय 06.00 बजे तक वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in के माध्यम से एवं इस कार्यालय में विक्रय की जाकर दिनॉक 21.02.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त कर उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 03.30 बजे खोली जावेगी एवं निविदा सं. 43-44 / 2024-25 मे ISI marked के स्थान पर विभागीय Approved Make पढ़ा जावे ।

| NIT No | UBN No | Old RO NO |
|---|---|---|
| 32/2024-25 | PHE2425WSOB08782 | 1350 Date 31.01.2025 |
| 33/2024-25 | PHE2425GSOB08785 | |
| 34/2024-25 | PHE2425WSOB08786 | |
| 43/2024-25 | PHE2425GSOB09208 | |
| 44/2024-25 | PHE2425GSOB09210 | 1631 Date 07.02.2025 |

प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

DIPR/C/2044/2025

(रामदेव पारीक)
अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना)
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर

## भजनलाल सरकार का बजट आम जन के हितार्थः जोशी

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजस्थान की भाजपा सरकार की ओर से बुधवार को प्रदेश का बजट जारी किया गया। राजस्थान की भजन लाल सरकार की ओर से आमजन के हितार्थ जारी बजट को ले कर लक्ष्मणगढ़ में भी खुशी का माहौल है। भाजपा सरकार की ओर से जारी बजट पर लक्ष्मणगढ़ भाजपा नेता दिनेश जोशी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार की ओर से बहुत शानदार बजट पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने बजट में युवाओं के लिए रोजगार सहित स्वास्थ्य,सड़कों का प्रस्ताव लिया। यह बजट आम जनता के हितार्थ आज तक का सर्वश्रेष्ठ बजट है। जोशी ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ से मेरे और सुभाष महारिया की ओर से नेछवा उपखंड में 4.5 किलोमीटर की सड़क का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाया गया था जो कि पास हो गया है। वही नगरपालिका भवन का जो प्रस्ताव था उसे पूरक बजट में पास करवाने की कोशिश करेंगे और लक्ष्मणगढ़ के विकास के सरकार समय समय पर बजट देती रहती है। विपक्ष पर बोलते हुए जोशी ने कहा कि विपक्ष का तो काम ही कमी निकलना है वह तो करेंगे ही किंतु राजस्थान की भाजपा सरकार का जो बजट वो अब तक सर्वश्रेष्ठ बजट है जिसके लिए हम सीएम भजनलाल व सरकार का आभार व्यक्त करते है।

## पंचायत भवन कार्यालय की भूमि पर लगे पोल चोरी

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** बहादुरवास गांव में ग्राम पंचायत भवन कार्यालय की भूमि पर लगे पोल चोरी होने का मामला सामने आया है। सरपंच बृजेश कुमार व ग्राम विकास अधिकारी की ओर से थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पंचायत को खाता संख्या 190 के खसरा नंबर 146/475 व 147 कि कुल 0.2500 हेक्टर भूमि कार्यालय भवन के लिए आवंटित है जिसका पूर्व में पटवारी बहादुरवास की ओर से सीमांकन किया हुआ था। जिसकी सीमा पर तारबंदी करने के लिए पिछले दिनों पत्थर के पोल रोपे गए थे। जिसमें से दो पोल 17 फरवरी को रात्रि में उखाड़ कर ले गए जो सरकारी संपत्ति को तोड़फोड़ व खुर्द- बुर्द अर्थात नुकसान करने का कार्य है।

## शिव मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आज से

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड नंबर दो में नव निर्माणाधीन ब्रह्म बगीची शिव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही है। अमित बुडानिया ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर पंच कुंडीय हवन स्थापना, 25 फरवरी को सुबह 10-15 बजे कलश यात्रा व मूर्ति नगर भ्रमण तथा ओमकारा आर्ट सरसा पार्टी की ओर से भव्य झांकी और नृत्य, रात्रि में भजन संध्या होगी। 26 फरवरी को सुबह 10-15 बजे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और शाम को 4 बजे सियाराम जी की बगीची से शिव बारात प्रस्थान करेगी और इस दौरान सरसा की पार्टी की ओर से शिव तांडव, अघोरी नृत्य व विशेष झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी और 27 फरवरी को सुबह भंडारा होगा।

## मेरिट सूची में दिव्या झुंझुनूंवाला ने पाया चौथा स्थान

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी कोटा की ओर से जारी किए गए एमबीए बैच 2024 के परिणामों में, तिरुपति कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन, जयपुर में दिव्या झुंझुनूंवाला का दूसरा स्थान रहा। जानकारी के अनुसार, मंडावा में रहने वाले पिता प्रेमरतन एवं गृहिणी सुनीता झुंझुनूवाला की पुत्री दिव्या झुंझुनूवाला ने एमबीए की परीक्षा में राजस्थान में चौथा स्थान अर्जित कर मंडावा जिला झुंझुनूं का नाम रोशन किया है और इसका श्रेय वह अपने मम्मी पापा को देती है। इस खुशी में पिंकी झुंझुनूंवाला, मधु जोशी, आंचल देवड़ा, आरती नाटाणी और सुमन जोशी ने खुशी जाहिर की

## घर से बक्से में रखें 45 लाख रुपए के गहने चोरी



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे के वार्ड एक में शादी के दौरान एक घर में रखे बक्से से जेवरात चोरी होने को लेकर थाने में मामला दर्ज हुआ है। थानाधिकारी रामनिवास ने बताया कि वार्ड एक निवासी सुरेश कुमार चोपदार ने रिपोर्ट दी की मेरे घर में शादी थी तथा भतीजी पिंकी सैनी बुधवार दोपहर को शादी समारोह में शामिल होने आई थी तथा गहने बक्से में रख कर उसके ताला लगाकर चाबी पास में ही रख दी थी। शाम को चार बजे संभाला तो बक्से में रखे सोने का हार, मंगलसूत्र, कानों के झुमके, रखड़ी, तागड़ी सहित अन्य जेवरात गायब थे। चोरी हुए गहनों की कीमत लगभग 45 लाख रुपए थी। घर में मौजूद लोगों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी।

# सब्जियों के दामों में भी आई भारी गिरावट

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के बीकानेर रोड़ के कृषि मंडी में स्थित थोक सब्जी मंडी में वर्तमान में शादियों के सीजन के बावजूद भी सब्जियों के सही दाम नहीं मिल रहे हैं। जिसके चलते व्यापारियों को इन्हें बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से टमाटर के भाव सभी को चौंका रहे हैं। टमाटर के भाव में उतार-चढ़ाव एक ऐसी समस्या है। जिससे किसान और आम आदमी दोनों ही परेशान रहते हैं। कभी टमाटर के दाम आसमान छूने लगते हैं तो कभी किसानों को अपनी फसल को औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। टमाटर कभी आम आदमी को रुलाता था। अब किसानों को रुला रहा है। सब्जी की कीमत इतनी गिर गई हैं कि किसानों को लागत भी नहीं मिल रही है। खुदरा मंडियों में टमाटर 8 से 12 रुपए किलो तक बिक रहा है। जबकि कभी यह 400 रुपये किलो तक था। इसके अलावा गोभी, मटर, गाजर, मिर्ची जैसी सब्जियों के भी दामों में भारी गिरावट हो रही हैं। सब्जी मंडी व्यापार मंडल अध्यक्ष श्यामसुंदर सैनी ने बताया कि वर्तमान में शादियों की सीजन चल रही है। लेकिन उसके बावजूद भी सब्जियों के दामों में भारी गिरावट चल रही है। जिसका मुख्य कारण है कि सब्जियों की आवक तो ज्यादा हो रही है लेकिन खरीदार कम है। उन्होंने बताया कि प्याज को छोड़कर सभी सब्जियों के दामों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सब्जियों के दाम ज्यादा कम होने के कारण किसानों और व्यापारियों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी व्यापारी मोहम्मद असलम ने बताया कि आलू, टमाटर, हरी मिर्च, फूलगोभी, पत्ता गोभी, टिंडा, लोकी, गुंदली, करेला, लोया, काकड़ी, गाजर, मूली, मटर, खीरा आदि सब्जियों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। जिसके चलते किसान और व्यापारी पूरी तरह से निराश नजर आ रहे हैं। छोटे व्यापारी सब्जी खरीदकर शहर में बेचने के लिए ले जाते हैं। लेकिन ग्राहकों की कमी होने के कारण उन्हें भी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

## राजकीय चिकित्सालय में रिक्त पदों को लेकर आक्रोशित लोगों ने मुख्य द्वार के जड़ा ताला



### डॉ. मुमल चौधरी का डेपुटेशन आदेश निरस्त, विरेन्द्र वर्मा के आदेश के आश्वासन के बाद बनी सहमति

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे की राजकीय चिकित्सालय में डाक्टर के रिक्त पदों को लेकर चल रही शिकायत के बाद मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा चिकित्सालय पहुंचे तो कस्बे के आक्रोशित लोगों ने चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी से डेपुटेशन पर किए डाक्टर को मूल पद पर लगाने की मांग को लेकर मुख्यद्वार के आगे बैठे और मुख्यचिकित्सा अधिकारी तुरंत डेपुटेशन कैंसिल करने के आदेश करने के लिए मांग की। जिसमें पहले दौर की वार्ता विफल रही। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दूसरे दौर में डाक्टर मुमल चौधरी के डेपुटेशन निरस्त के आदेश किया और अन्य डाक्टर विरेन्द्र वर्मा के शाम तक आदेश करने के आश्वासन के बाद धरनार्थियों ने मुख्यद्वार का ताला खोलकर धरना समाप्त किया। थानाधिकारी कमलेश कुमार मय जाब्ता मौजूद रहे। धरने में कांग्रेस नगर अध्यक्ष जब्बार खोखर, पालिका उपाध्यक्ष चन्द प्रकाश घिटाला, कामरेड भादर भाम्भू, पुर्व पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कटारिया, पार्षद नबी बक्स निवार्ण, पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी, राजेश स्वामी, हरीराम हुड्डा, कैन्हयालाल सैनी, अमजद निर्वाण, जाकिर बगड़ सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के अशोक स्तंभ के पास गुरुवार सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से 20 वर्षीय बाइक चालक की मौत हो गई। यहां से गुजर रहे लोगों ने तुरंत बाइक चालक को एंबुलेंस की सहायता से राजकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। एएसआई हिम्मतसिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया की रंगाईसर निवासी पामाराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी है कि गुरुवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे मेरे भाई का लड़का 20 वर्षीय बंसीलाल पुत्र ताराचंद मेघवाल बाइक पर सवार होकर उड़सर से सरदारशहर की तरफ आ रहा था। रास्ते में अशोक स्तंभ के पास बंसीलाल अपनी बाइक को सही दिशा में चल रहा था उसी समय पीछे से एक ट्रैक्टर के चालक ने ट्रैक्टर को तेजगति और लापरवाही से चलाकर बंसीलाल की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बंसीलाल मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गया और बंसीलाल के शरीर पर गंभीर चोटें लगी। ट्रैक्टर चालक अपना ट्रैक्टर मौके पर ही छोड़कर भाग गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने बंसीलाल को संभाला और एंबुलेंस की सहायता से राजकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने बंसीलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पत्रकारिता प्रोत्साहन में सरकार की सकारात्मक पहल

**जयपुर(कास)** राजस्थान सरकार के बजट 2025-26 में पत्रकार कल्याण हेतु देय अधिकतम 1 लाख रूपये की राशि को बढाकर 3 लाख रूपये तक करने और पत्रकार साथियों को क्षेत्र में एक्सपोजर ट्यूर की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा करने पर प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ एवं महासचिव योगेन्द्र पंचौली समेत प्रबन्ध कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# विचार गोष्ठी का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राज्य सरकार की ओर से बुधवार को पेश बजट पर गुरुवार को चूरू जिला मुख्यालय मदीना गेस्ट हाऊस पर विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर चूरू जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार के इस बजट में आमजन व किसान को कुछ फायदा नहीं दिखाई दे रहा है। हर ढंग से कमजोर इस बजट ने हर वर्ग को निराश किया है। विधानसभा चुनाव में राजनैतिक फ़ायदे के लिए भाजपा ने बड़े-बड़े लुभावने वादे किये लेकिन एक भी पूरा होता नहीं दिख रहा। जिले में भाजपा से एक मात्र विधायक भी चूरू विधानसभा को कुछ नहीं दिला पाए। बजट ने जिले के युवा बेरोजगार, व्यापारी और किसान वर्ग को निराश किया है। भाजपा नेता कहते हैं डबल इंजन सरकार हैं, मगर राजस्थान में तो विकास की रेल प्लेटफॉर्म से आगे ही नहीं बढ़ रही। सरकार चलने से पहले ही हाम्फ गयी है। चौहान ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं की गयी है। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि सुविधाओं पर कोई खास ध्यान नहीं दिया गया है। इस अवसर पर आरिफ़ पीथीसर, बजरंग बजाड़, शाहरुख खान, ताराचन्द मेघवाल, नासिर अली, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ निजामुद्दीन खान, अली हसन गोरी, मनफूल अली आदि उपस्थित ने राज्य बजट को निराशाजनक बताया।

## देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से आम जनता दुखी- न्यौल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अखिल राजस्थान किसान- मजदूर कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ किसान नेता आदूराम न्यौल ने कहा कि बढ़ती हुई महंगाई से देश की 60% आबादी त्रस्त हैं। 30 करोड़ युवा बेरोजगार रोजी-रोटी के लिए दर-दर ठोकरें खाने को विवश है। मुट्ठी भर भ्रष्ट राजनेताओं - उद्योगपतियों - पूंजीपतियों के बढ़ते वर्चस्व से भ्रष्टाचार की जड़े दिन प्रतिदिन मजबूत होती जा रही हैं। किसान नेता न्यौल के नेतृत्व में जिले के अनेक गांवों में भ्रमण करने के बाद यहां बताया कि किसान गरीब युवा बेरोजगारों के हाल बेहाल है। उनकी तकलीफों अभाव अभियोगों का निराकरण करने की किसी भी राजनेता व जिले के आला अधिकारियों को फुर्सत नहीं है। बिजली के गहरे संकट से किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए मजबूर है। भ्रमण अभियान में न्यौल के साथ लक्ष्मण राम मेघवाल, रामजस कस्वां, दाताराम भाम्बू, बसंत चौधरी, हरलाल सहारण, केसराराम, डॉ प्रमोद कुमार जाटव, लिखमाराम सहारा सहित अनेक किसान प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के दुख - दर्द उनसे रूबरू होकर सुनें आक्रोशित ग्रामीणों ने जगह-जगह गांव की चौपाल पर बताया कि अगर बिजली पानी की समस्या से निजात नहीं दिलाई तो किसानों की फसले चौपट हो जाएगी।

## गीतांजली पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट गाइड कैम्प



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय गीतांजली पब्लिक सी.सै. स्कूल में कक्षा 7 वीं से कक्षा 11 वीं के स्काउड गाइड ले रहे विद्यार्थियों को तीन दिवसीय 17 फरवरी से 19 तक स्काउट गाइड कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डी.ओ. कुलदीप गोयल और स्काउट मास्टर पारस ने कैम्प में बच्चों को स्काउड गाइड के नियमों व गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जिसमें अनुशासन से रहना व विभिन्न प्रकार से ताली बजाना सिखाया, बच्चों को स्काउट से सम्बन्धि गीत, प्रार्थना व प्रतिज्ञा सिखाई गई। संस्था के प्रबन्ध निदेशक विनय गौतम ने बताया कि स्काउट गाइड से बच्चो में देश के प्रति सेवा भावना व आपसी सहयोग को बढावा मिलता हैं। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन दामोदर गौतम ने बताया कि स्काउट गाइड से बच्चों को देश के प्रति समर्पित होने की भावना जाग्रत होती हैं। संस्था के निदेशक गौरव गौतम ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों का उत्साह बढ़ता है। कार्यक्रम में विद्यालय से प्रभारी अध्यापिका ममता गोस्वामी ने भी कैम्प में अपनी सेवाएँ प्रदान की।

## बीजेपी ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़ (निस)।** बीजेपी ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर का लक्ष्मणगढ़ पहुंचने पर जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। यह जानकारी देते हुए महेश कुमार ने बताया कि चंपालाल गेदर बीकानेर से जोधपुर जाते वक्त लक्ष्मणगढ़ में एचआरएसपी ट्रेडिंग कम्पनी पर कुम्हार समाज की और से माल्यार्पण कर मिट्टी निर्मित बोतल भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कुमार महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम प्रजापत, नगरपालिका पूर्व प्रतिपक्ष नेता सम्पत प्रजापत, गोवर्धन लाल, होलचन्द कुमावत,महिपाल कुमार, गजराज, राजू खरेशिया, शिवलाल, प्रतीक, तनुज सहित समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का हो समयबद्ध निस्तारणः सुराणा

# जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुने जन अभाव अभियोग

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने डीओआईटी वीसी सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिलेभर से आमजन के अभाव-अभियोग सुने व अधिकारियों को परिवादों में समुचित जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने जिला स्तरीय जन सुनवाई में आए फरियादियों के परिवाद सुनकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निस्तारण हो। प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करें और फरियादियों को समुचित निस्तारण से संतुष्ट करें। बजट घोषणाओं को लेकर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में हुई बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन व किए जाने वाले पत्राचार संबंधी कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूरी हो। सभी विभागों के अधिकारी बजट में उनके विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं के बारे में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। चूरू महोत्सव -2025 के आयोजन को लेकर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करें। अपने परिवेश के लोगों तथा विभागीय सेवाओं के लाभार्थी वर्ग को भी महोत्सव के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करें। जन सुनवाई के दौरान रास्ते के विवाद, मोरथल में गोचर भूमि पर अतिक्रमण, सड़क दुर्घटना, स्वच्छता, जल भराव, पट्टे बनवाने, डेयरी बूथ के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने, मंदिर की भूमि में काश्त करने व पुजारियों के नाम रजिस्टर में दर्ज करने, चांदगोठी में संचालित कृषि महाविद्यालय के लिए भूमि आवंटन, ओम कॉलोनी में पानी भराव व अंडरपास निर्माण, फर्जी पट्टे बनाने, आरटीआई, पीएम आवास योजना सहित कुल 40 प्रकरण प्राप्त हुए। प्रकरणों को लेकर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समुचित जांच करवाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी कृष्णा, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, प्रशिक्षु आरएएस साक्षी पुरी, एसीईओ दुर्गा ढाका, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, डीओआईटी एसीपी नरेश दुहानिया, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, सांख्यिकी उपनिदेशक आरजी सेपट, आयुर्वेद सहायक निदेशक डॉ मनीष शर्मा, सहायक खनि अभियंता नौरंगलाल, सहायक निदेशक बृजेन्द्र दाधीच, आईसीडीएस डीडी डॉ नरेन्द्र शेखावत, रेंजर पवन, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, एक्सईएन प्रेम कुमार, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत सहित अधिकारी और वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
21 फरवरी, 2025

## भारत भ्रमण यात्रा का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में बोला बाबा पुष्कर नाथ बगीची के सन्त सोमनाथ महाराज बारह ज्योतिर्लिंग की पैदल यात्रा भारत भ्रमण करके वापस कस्बे में पधारने पर उनका स्वागत किया।कस्बे में एन एच 11 पर से उनके सम्मान में शोभायात्रा निकाली जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर पुष्कर नाथ बगीची पहुची। कस्बे वासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर उनकी पूजा कर स्वागत किया। महिलाओं ने भी आगमन पर मंगलगीत गाए। शोभायात्रा में सैंकड़ों महिला पुरूष श्रद्धालू मौजूद रहे।

## 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ किया दुष्कर्म

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर थाना में एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार पीड़ित महिला के भांजे ने रिपोर्ट में बताया कि मेरे मकान में 65 वर्षीय एक वृद्ध महिला अकेली रहती है जो रिश्ते में मेरी मौसी लगती है जो बाल विधवा व मानसिक रूप से कमजोर महिला है। गुरुवार को सुबह 9 बजे उक्त वृद्ध महिला बदहवास हालत में मेरे पास आई। कहा कि अभी मेरे घर पर खेमचंद नाम का लड़का आया जो मौहल्ले में सड़क बन रही है, वहां काम करता है। मेरे साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और फिर वहां से भाग गया। पीड़ित के भांजे की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के लिलिया कुंआ के पास पेड़ीवाल परिवार की ओर से आयोजित भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा श्री श्याम मंदिर आथुना बास से शुरू होकर कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंगल कलण सर पर धारण कर भजन कीर्तन करते हुए पुन्य कमाया। रतनगढ़ के कथा वाचक कृष्णानंद महाराज ने पहले दिन कथा के महात्म्य का प्रवचन करते हुए बताया कि श्री मद्भागवत कथा श्रवण करने से बड़े से बड़े पापी व दुराचारी लोग भी भगवान की शरण को प्राप्त कर लेते है। महाराज ने बताया कि कथा श्रवण से लोभ, मोह, मत्सर व अविद्या रूपी गाँठे टूटकर मुक्ति रूपी मार्ग प्राप्त हो जाता है। कथा में महावीर पेड़ीवाल, खेतूलाल डागा, पार्षद लालबहादुर सेवदा, पंकज नवहाल, मंत्री रामचंद्र, कमल सेवदा, भगवती प्रसाद लखोटिया, अशोक पेड़ीवाल, श्याम सुंदर नवहाल, सुनील मोदी, शंकर पेड़ीवाल, दीपेश चौहान सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में गुरुवार को गांधी चौक पर दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की बहुमत के साथ सरकार बनाए जाने के उपलक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से आतिशबाजी कर व मिठाई खिलाकर खुशी का जश्न मनाया। इस अवसर पर सभापति राजकरण चौधरी, पार्षद दीपक बेद, विधानसभा संयोजक राजेंद्र सोनी, पूर्व जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा, सहकारी समिति अध्यक्ष लालचंद छीरगं, मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा, पार्षद अमरचंद मीणा, गिरधारी लाल पारीक, रूपचंद सोनी, राकेश टाक, राकेश जगरवाल, बाबूलाल प्रजापत, अमिताभ चांवरिया, सुशील प्रजापत, विमल शर्मा, राजकरण सोनी, डॉ अविनाश पारीक, मनोज दर्जी, कमल नाई, अजय चौधरी, किशन मोयल, अजीज गौरी, भंवरलाल गोरसिया, मनोहर सोनी, पवन सैनी, सुरेंद्र राणा, धर्म सिंह, राजपुरोहित, सुमेरमल धाणका, जगदीश पींगोलिया, विकास पारीक, शंकर सोनी, विक्रम सैनी, जाकिर खोखर, सत्तार बिसायती, प्रदीप दीक्षित, दयालसिंह राजपुरोहित, मुलायम सिंह राजवी, संजय पारीक, प्रसन्न लूनिया, विनोद बगड़िया, महावीर तंवर, मोहनसिंह राजपूत, देवीसिंह चौहान, कन्हैयालाल भामा, लीलाधर दानोदिया, कानसिंह, गुरु धानका, मांगीलाल गहणोलिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री रिणवां ने बजट को बताया राजस्थान के विकास का बजट

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान सरकार के बजट को लेकर तहसील क्षेत्र में अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं बजट को लेकर जहां कांग्रेस की ओर से गांधी चौक पर आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई थी। वहीं पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार के बजट को राजस्थान के विकास का बजट बताया है। रिणवां ने बताया कि राजस्थान के विकास को आगे बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से शानदार बजट राजस्थान को दिया है। सरदारशहर तहसील क्षेत्र में बजट में की गई घोषणाओं को पूर्व मंत्री कहा कि सरदारशहर की सबसे बड़ी जरूरत जिला अस्पताल सहित पांच बड़े काम को लेकर मुख्यमंत्री जी को 20 दिन पहले लिखा गया था। जिसको भाजपा सरकार ने बजट में शामिल कर तहसील क्षेत्र में चार कामों सहित जिला अस्पताल के लिए बजट की घोषणा की हैं। क्षेत्र में बिजली व पानी सहित सड़कों के लिए बहुत बड़ा बजट सरदारशहर तहसील को दिया गया है। चूरू जिले को मरू प्रदेश बनाने की मांग भी की गई थी। जिसको भी भजनलाल सरकार की ओर से चूरू जिले को मरू प्रदेश बनाकर बड़ी सौगात दी है। जिससे चूरू जिले का विकास मरू प्रदेश बनने से आगे बढ़ेगा। कांग्रेस की ओर से राजस्थान सरकार के बजट को लेकर राजस्थान में अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। वहीं सरदारशहर में राजस्थान सरकार के बजट पर कांग्रेस की ओर से आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई जा रही है। मेरी ओर से सरकार को कई बार अवगत करवाने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से सरदारशहर तहसील क्षेत्र को बड़ी सौगातें दी है। वहीं क्षेत्र की अनेक समस्याओं के समाधान को लेकर भी सरकार को लिखा गया है। जल्द ही क्षेत्र के विकास को लेकर प्रयासरत रहकर क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। सरदारशहर तहसील क्षेत्र में बजट को लेकर जो घोषणाएं हुई है उसमें सरकार को संज्ञान में लाकर घोषणा करवाई गई है। सरदारशहर तहसील क्षेत्र की कांग्रेस की ओर से खुशियां मनाई गई। यह तो उनकी उदारता है कि भाजपा का बजट आया है और कांग्रेस खुशी मना रही है। पूर्व मंत्री रिणवां ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वित्त मंत्री दिया कुमारी का सरदारशहर तहसील क्षेत्र को बड़ी सौगातें देने पर आभार जताया है। इस अवसर पर जिला मंत्री श्याम लाल पारीक, मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा, राजवीर सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, पार्षद दीपक बैद, संजय पारीक, अजीज गौरी, भंवरलाल सोनी, सुरेन्द्र जांगिड़, निरंजन धाणका, श्री राम प्रजापत, राकेश सैनी, राजेश माटोलिया, विक्रम सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर में विदाई समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** पीएमश्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर के सुरम्य ऊपरी हाल में कक्षा बारहवीं की छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य मोहनलाल अर्जुन की ओर से मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय की कला व विज्ञान संकाय की 130 छात्राओं को तिलकार्चन कर विदाई दी। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पधारे पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन बोथरा, भामाशाह प्रेरक राजकुमार विनायकिया व पं.देवकीनंदन दाधिच व प्रधानाचार्य मोहनलाल की ओर से कक्षा बारहवीं की होनहार बालिकाओं को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। भामाशाह निर्मल कुमार बैद की ओर से विद्यालय में नया भवन का निर्माण करवाने की औपचारिक घोषणा बतौर प्रतिनिधि राजकुमार विनायकिया व पवन बोथरा की ओर से की गई। विद्यालय परिवार ने भामाशाह व प्रेरणास्रोत राजकुमार विनायकिया, पवन बोथरा पं.देवकीनंदन दाधीच का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बड़े स्तर पर रखे सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी बालिकाओं ने अन्यन प्रकार की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में व्याख्याता इन्द्रसिंह फगेड़िया, महेश सांखोलिया, विमला चौधरी, रमेश खिचड़, सरिता शर्मा, रश्मि महर्षि, वरिष्ठ अध्यापक शिशपाल, वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक मनिष शर्मा, ओए प्रमोद कुमार, अध्यापक धर्मपाल बुगालिया, नानूराम, कपिल मीणा, कन्हैयालाल जांगिड़, युनुस गौरी, कंचन लता पुरोहित, मोनिका बारुपाल, रोशनी छीपा, सीमा काजला, ऋषिका सहारण, आरती शर्मा, रतना कुमारी, योगिता पुरोहित, आरती शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखाराम व विद्यालय की बालिका नेहा शर्मा संयुक्त रूप में किया।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़.(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जीएचएस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में दोनों इकाईयों से प्राचार्या विनीता चौधरी की अध्यक्षता में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर चौधरी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विद्यार्थी जीवन में उनके कर्तव्यों के प्रति अवगत करवाया। प्रो. बी एस बैरवा ने अपने अनुभव साझा किए। प्रभारी प्रदीप कुमार जोशी ने सात दिवसीय शिविर की रूप रेखा प्रस्तुत की। प्रभारी पूजा शर्मा ने स्वयंसेवकों का युवा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने श्रमदान भी किया।

## अवैध हथियारों सहित दो गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सदर थाना पुलिस ने दो अवैध पिस्टल बरामद कर दो अभियुक्त गिरफ्तार किए हैं। सदर थाना पुलिस के अनुसार सदर थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया के नेतृत्व में गठित दो अलग-अलग टीमों ने ये कार्रवाई की है। जिसके तहत सब इंस्पेक्टर गोपालसिंह की टीम की ओर से लोढ़सर पंप के पास सुनील पुत्र रमेश कुमार सांसी, निवासी गांव लोढ़सर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की गई। इसी प्रकार एएसआई तनसुखराम की टीम ने सर्विस रोड़ लोढ़सर पुलिया के पास आरोपी अनिल पुत्र रमेश सांसी निवासी लोढ़सर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्टल बरामद की है। कार्रवाई करने वाली टीम ने हैड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार, गिरधारीलाल, कांस्टेबल यशपाल, जयराम, मेघाराम, अनिता, भंवरलाल, प्रेमाराम, केशरदेव, कमलेश आदि शामिल रहे।

## राम वनवास और केवट संवाद का किया वर्णन, कथा सुनकर श्रोता भावुक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान में गुरु गोरखनाथ जी जाहरवीर जी गोगाजी गौशाला समिति मीतासर की ओर से चल रही 9 दिवसीय श्रीराम कथा के छठे दिन गुरुवार को कथावाचक शंकरदास जी महाराज ने राम वनवास की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रोता भावुक हो गए। कथा वाचक ने बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ गुरु वशिष्ठ के परामर्श से प्रभु राम के तिलक की तैयारी में जुटे थे। वहां की जनता खुशी मना रही थी। इधर मंथरा ने सबसे छोटी रानी कैकेयी के मन में विद्वेष की भावना पैदा कर दिया। कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान के बदले राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजा बनाने की मांग रख दी। राजा दशरथ को कैकेयी की इच्छा जानकर काफी दुख हुआ। अंत में प्रभु श्रीराम मां सुमित्रा के आदेश पर लक्ष्मण को साथ ले जाने के लिए तैयार हुए। साथ में माता सीता ने भी वनगमन के लिए प्रस्थान किया। भगवान के वन गमन की कथा सुनकर श्रोता भावुक हो गए। इस दौरान समाजसेवी हरीश बाजिया की ओर से 2 लाख 11 हजार रुपये, सत्यनारायण सोनी की ओर से 1 लाख 51 हजार रुपये, ठाकुर जी महाराज की ओर से 51 हजार रुपये, भादरराम पूनियां की ओर से 21 हजार रुपये, बजरंग लाल सोनी की ओर से 21 हजार रुपये, अनिल कुमार गर्ग की ओर से 5100 रुपये का सहयोग गौशाला में गायों के लिए किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी दीपू जैसनसारिया की ओर से सभी भामाशाहों का आभार प्रकट किया गया। कथा आयोजकों की ओर से भामाशाहों का सम्मान किया गया। कथावाचक शंकर दास जी महाराज ने रामकथा के छठे दिन केवट की परम भक्ति का वर्णन भी किया। इस दौरान कथावाचक ने कहा कि केवट राम-लक्ष्मण और सीता माता को गंगा पार लेकर गए। केवट को निर्मल भक्ति का वरदान देकर प्रभु श्रीराम ने गंगा किनारे पहुंचकर गंगा मैया की पूजा अर्चना की। उसके बाद प्रभु श्रीराम प्रयागराज पहुंचे और ऋषि भारद्वाज से मुलाकात की। एक रात ऋषि भारद्वाज जी के आश्रम में विश्राम करने के उपरांत अगले दिन सुबह आगे बढ़े और महर्षि बाल्मीकि के आश्रम में पहुंचने पर ऋषियों ने प्रभु की सुंदर स्तुति की। वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम ने महर्षि बाल्मीकि से स्थान पूछकर चित्रकूट में निवास किया।

## अभिनेष महर्षि ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने गुरुवार को अपने निवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने विभिन्न समस्याओं से महर्षि को अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की, जिस पर उन्होंने अधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, पानी व बिजली सहित कई समस्याओं से लोगों ने अवगत करवाया, जिसके शीघ्र समाधान के लिए उन्होंने अधिकारियों से कहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का जनकल्याणकारी बजट सभी वर्गों के लिए विकासोन्मुखी साबित होगा। राज्य सरकार का बजट शिक्षित, स्वस्थ व समृद्ध राजस्थान बनाने की ओर पहल है। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## लोक परिवहन बस चालक की मनमानी बनी जी का जंजाल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू में अग्रसेन नगर रेलवे फाटक के पास कई वाहन चालकों की ओर से नियमों की पालना नहीं किए जाने से अन्य लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार लोक परिवहन की बस के चालक ने पूरी तरह गलत दिशा में बस खड़ी कर दी। अग्रसेन नगर फाटक बंद होने के कारण सड़क एक साइड से खाली थी, वहां लोक परिवहन बस के चालक ने गलत साइड में अपनी बस खड़ी कर दी, जिसके कारण ट्रैफिक व्यवस्था एकदम खराब हो गई। अग्रसेन नगर फाटक के पास तो यातायात व्यवस्था राम भरोसे पर है। तभी तो फाटक के पास पहुंच लोक परिवहन बस वाले खुलेआम ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। लगता है इन्हें कानून और नियमों की कोई परवाह नहीं है। कई बार तो ये राजस्थान रोडवेज के चालक परिचालक के साथ भी झगड़ा कर लेते हैं। बेचारे प्रशासन की भी कुछ मजबूरी हो सकती है, उन्हें क्या वाहन चालक परेशान होते हैं तो होते रहो। कुल मिलाकर यही है कि सभी को नियमों की पालना करनी चाहिए ताकि अन्य लोगों को परेशानी न हो।

## सुनील चौधरी को मिली हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड जयपुर मुख्यालय के जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर सुनील चौधरी को नियुक्त किया गया है। चौधरी को जिला ऑर्गेनाइजर मुकेश कुमार सैनी तथा रूपेश कुमार मीणा ने पद ग्रहण करवा कर नवनियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान चौधरी ने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के संगठन को जमीनी स्तर तक बुनियादी रूप से मजबूत करने के लिए अच्छे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी व तरजीह दी जाएगी। इस दौरान सहायक राज्य संगठन आयुक्त मनोज त्रिवेदी, हिंदुस्तान स्काउट के जिला सचिव चौथमल कुमावत ने भी कार्यग्रहण करने के दौरान चौधरी को बधाई।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री को दी तोदी ने बधाई

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय वैश्य महिला संगठन की अध्यक्ष व पार्षद निर्मला तोदी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। तोदी ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए सुरक्षा, सुव्यवस्था और सुशासन के आदर्श मानक स्थापित करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन व गुप्ता के कुशल नेतृत्व में दिल्ली विकास के नए आयाम स्थापित करेगी और राष्ट्रीय राजधानी अपने गौरव को पुनर्स्थापित करेगी।

# राजेन्द्र राठौड़ ने विकास कार्यों का किया उदघाटन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिह राठौड़ गुरुवार को तारानगर के गाँव देवगढ़ पधारे जहाँ उन्होंने गाँव की श्रीनाथ गौशाला में विकास कार्यों का उद्धघाटन किया व भामाशाह फोगावट परिवार का सम्मान भी किया। शानदार बजट पर क्षेत्रवासियों ने राठौड़ का जगह-जगह स्वागत किया। तारानगर क्षेत्र के गाँव बांय में पीएचसी से सीएचसी बनाने पर बांय गाँव के ग्रामीणों में राठौड़ का अभिनंदन स्वागत किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का ग्रामवासियों ने जगह-जगह स्वागत कर भाजपा सरकार का धन्यवाद अर्पित किया।

# अतिथि अनुदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न व्यवसायों के लिए अनुदेशक के रिक्त पदों के लिए अतिथि अनुदेशक के आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई उपनिदेशक नेहा सैनी ने बताया कि संस्थान में फीटर, सोलर टेक्नीशियन, रेफ्रीजेशन एंड एअर कंडीशनिंग टेक्नीशियन पदों पर सत्र 2024-25 के लिए अतिथि अनुदेशक के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। गेस्ट फेकल्टी पर इन पदों को मानदेय/ पारिश्रमिक के आधार पर निर्धारित योग्यताधारी (डिग्री/ डिप्लोमा/ आईटीआई के साथ वांछित अनुभव तथा सीआईटीएस/ एनसीआईसी अनिवार्यता) आवेदक/ सेवानिवृत्त कार्मिक 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे तक अपने आवेदन व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करवा सकते हैं।

# चार पीपल के हरे पेड़ काटने से लोगों में रोष



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के मोचीवाड़ा क्षेत्र में पीपल के पेड़ों की कटाई होनी कम नहीं हुई है। ऐसे में गुरुवार को अचानक कुल्हाड़ी ओर आरा मशीन लेकर पीपलों को काटने की सूचना मिलने पर हरे पेड़ बचाओ संघर्ष समिति सदस्यों को लगने के बाद कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन की सूचना नगर परिषद को मिलने के बाद मौके पर एसआई सुनील कुमार ओर एईएन प्रदीप मीणा मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। एसआई सुनील कुमार ने बताया कि अंदर पीपल काटे गए है। जिसकी रिपोर्ट हमारे उच्च अधिकारियों को दी जाएगी। सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि हमारे को पीपल काटने की सूचना मिली थी। जिसकी रिपोर्ट बनाकर एसडीएम ओर जिला कलेक्टर को पत्र भेजा जाएगा। इसके पहले स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद भी इन हरे पेड़ों की कटाई बंद नहीं हुई है। इस संबंध में एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी ने बताया कि इसके बारे में हमारे को सूचना नहीं थी। हम जांच करवाएंगे। अगर ऐसा पाया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक, एसडीएम ने दिए दिशा- निर्देश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पंचायत समिति के हॉल में एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी ने उपखंड क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सभी विभागों से प्रगति रिपोर्ट मांगी और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, सीडीपीओ और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। एसडीएम डॉ चौधरी ने कहा कि सरदारशहर उपखंड एक विस्तृत क्षेत्र है। उन्होंने सभी विभागों को लंबित कार्यों को तत्काल प्रभाव से पूरा करने का निर्देश दिया है। विकास अधिकारी महेंद्र सोलंकी ने पंचायती राज की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सहायक अभियंता विनोद कुमार मीणा ने बिजली विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। उन्होंने भी अपने विभाग के लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।

# चूरू महोत्सव में आमजन की हो अधिकतम भागीदारी : सुराणा

**सक्रिय भागीदारी से हम अपनी सांस्कृतिक, साहित्यिक व पारंपरिक धरोहर का संरक्षण व संवर्द्धन करें**





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा व पुलिस अधीक्षक जय यादव ने वीडियो संदेश जारी कर चूरू जिला मुख्यालय पर 22 से 24 फरवरी तक आयोजित हो रहे 3 दिवसीय चूरू महोत्सव में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है। जिला कलक्टर ने कहा कि चूरू की संस्कृति, पंरपराओं, इतिहास व लोकरंग से जुड़े कार्यक्रम में समस्त जिलेवासी अपनी भागीदारी निभाएं। हम सभी अपनी सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं पारंपरिक धरोहर का संरक्षण व संवर्द्धन करें और हमारी पीढ़ी को भी यह विरासत में दें। जिला कलक्टर सुराणा ने तीन दिवसीय चूरू महोत्सव में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने आमजन से महोत्सव में अधिकाधिक भागीदारी कर सहयोग की अपील की है। पुलिस अधीक्षक पुलिस यादव ने कहा कि चूरू जिले की समृद्ध विरासत का संरक्षण करने और यहां की जीजीविषा व उत्साह को उत्सव रूप में मनाने के लिए चूरू महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। अपनी सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं पारंपरिक धरोहर का संरक्षण व संवर्द्धन करने की दिशा में समस्त जिलेवासी चूरू महोत्सव में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और विभिन्न आयोजनों का लुत्फ उठाएं।

## विभिन्न गतिविधियां होंगी आयोजित

जिला कलक्टर सुराणा ने बताया कि चूरू महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। महोत्सव के पहले दिन 22 फरवरी को सवेरे 7.15 बजे चूरू गढ़ परिसर से इंद्रमणी पार्क तक विरासत कार्निवल यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सवेरे 10.30 बजे से पारंपरिक परिधान मिस्टर/ मिस/ मिसेज चूरू, रस्सा - कस्सी प्रतियोगिता, आर्ट गैलरी, संगीत व नृत्य प्रतियोगिता, क्राफ्ट व फूड बाजार, राजीविका व महिला सशक्तीकरण चर्चा सत्र, पेंटिंग /रंगोली कार्यशाला आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांय 6.15 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम में पद्मश्री गुलाबो सपेरा की ओर से नृत्य प्रस्तुति, प्रसिद्ध कोरियोग्राफर संतोष नायर की ओर से निर्देशित वायब्रेंट इंडिया नृत्य प्रस्तुति, बॉलीवुड पार्श्व गायक रविन्द्र उपाध्याय, कोक स्टुडियो फेम भंवरी देवी आदि प्रस्तुतियां देंगे। इसी क्रम में 23 फरवरी को सवेरे 10.30 बजे से यूथ व स्टार्टअप विशेष चर्चा सत्र, प्रवासी सम्मान - गौरव श्री अवार्ड, राजीविका व महिला सशक्तीकरण चर्चा सत्र, किड्स प्रतियोगिता, हैकाथॉन, क्राफ्ट व फूड बाजार व विविध प्रतियोगिताएं और सांय 6.15 बजे से 4 बार के ग्रैमी अवार्ड विजेता रिकी केज का लाइव इन म्यूजिक कॉन्सर्ट, जिक्र द बैंड 'बॉलीवुड सूफी रॉक बैंड' की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के तीसरे दिन 24 फरवरी को सवेरे 10.30 बजे से साहित्यिक उत्सव विशेष चर्चा सत्र, प्रवासी सम्मान- गौरवश्री अवार्ड, लेखक से मिलिए, क्राफ्ट एवं फूड बाजार, पेंटिंग कार्यशाला और सांय 6.15 बजे से प्रसिद्ध रंगकर्मी अतुल सत्य कौशिक की ओर से लाइव थिएटर व कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कवि सम्मेलन में लोकेश कुमार 'साहिल', अरूण जैमिनी, अमन अक्षर, जुबैर अली तबिश, विवेक पारीक, इति शिवहरे सहित साहित्यकार प्रस्तुतियां देंगे।

# विधायक हरलाल सहारण ने पेयजल मिशन के अंतर्गत वंचित गांवों को पेयजल देने की मांग उठाई

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** विधानसभा में विधायक हरलाल सहारण ने चूरू विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में वंचित रहे जल जीवन मिशन व हर-घर जल कार्यक्रम के तहत वंचित रही ग्राम पंचायत को शीघ्र ही पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग विधानसभा में उठाई। विधानसभा में बोलते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों की समस्याओं को देखते हुए जलजीवन मिशन हर घर नल कार्यक्रम चलाया था जिसका सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट में इस कार्यक्रम को 2028 तक बढ़ा दिया है जो एक सकारात्मक कदम है। विधायक हरलाल सहारण ने मांग करते हुए कहा कि चूरू विधानसभा की कुंसीसर आसल खेड़ी चलकोई इंद्रपुरा ग्राम पंचायत में टंकी का निर्माण करवाया जाए और जो नए नलकूप स्वीकृत हुए हैं उनका शीघ्र ही निर्माण करवाया जाए। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने केंद्र की योजना को जमीनी स्तर पर नहीं उतरने दिया जगह-जगह घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया जिससे सड़के टूट गई। ऐसे ठेकेदारों को ठेका दिया गया जिन पर अनेक घोटालों के आरोप लगे थे। उन्होंने प्रदेश सरकार से अपील करते हुए कहा कि इस योजना के तहत वंचित ग्राम और ढाणियों को शीघ्र जोड़ा जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और उन्हें पूरा विश्वास है कि यह सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक इस योजना का लाभ शीघ्र ही पहुंचाएगी।

# जिला कलक्टर ने किया शिविर का अवलोकन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** मानव सेवा संस्थान कोलकाता व महावीर सेवा सदन कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में रणजीत सिंह चोरड़िया की स्मृति में चोरड़िया परिवार के सहयोग से निःशक्तजनों के लिए 11वां निःशुल्क कृत्रिम हाथ पांव कैलिपर्स शिविर स्थानीय मानव सेवा संस्थान में चल रहा है, जिसका गुरूवार को चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने अवलोकन किया। इस अव सर पर जिला कलक्टर ने दिव्यांगों को रजिस्ट्रेशन कार्ड वितरित किए। साथ ही महावीर सेवा सदन कोलकाता के कैलिपर बनाने वाली टीम के दिव्यांग टेक्निशियनों का स्वागत किया। महावीर सेवा सदन कोलकाता के अध्यक्ष विजय सिंह चोरड़िया ने महावीर सेवा सदन कोलकाता के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी। समन्वयक माणक चंद सर्राफ ने बताया कि हर साल लगने वाले शिविर में इस बार 150 दिव्यागों का कैलिपर के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि इस तरह के शिविर आयोजित करने के लिए बहुत मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। उन्होंने दिव्यांगों के लिए आयोजित इस प्रकल्प की सराहना करते हुए कहा कि इस मुहिम को आगे बढ़ाना चाहिए। इसके लिए उनका सहयोग बना रहेगा। कार्यक्रम में रघुनाथ खेमका, एडीएम मंगलाराम, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार राजुदेवी, सभापति नीलोफर गौरी, उपसभापति अमित मारोठिया, समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल मायल, महावीर सेवा सदन के सचिव रणजीत सिंह सिंघी आदि मौजूद रहे।

# शैक्षिक सुविधाओं का हो उन्नयनः सुराणा



## जिला कलक्टर ने जिला निष्पादन समिति व मिड डे मील की बैठक में दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित डाइट परिसर में जिला निष्पादन समिति व मिड डे मील की समीक्षा बैठक में शिक्षा अधिकारियों से चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में शैक्षिक सुविधाओं के उन्नयन के लिए प्रयास करें। सभी अधिकारी आवश्यकताओं को देखें और समुचित कार्यवाही करते हुए विस्तार करें। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि विद्यालयों में शत प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जाए। अपार आईडी महत्वपूर्ण है, इसके लिए निजी विद्यालयों को भी पांबद करें। इसी के साथ जनाधार सीडिंग का कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। सीबीईओ अपने कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित करें और समुचित समन्वय के साथ अपेक्षित प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों में स्वीकृत राशि का समुचित उपयोग करते हुए प्रोडक्टिव कार्य किए जाएं। आवश्यतानुसार उपखंड अधिकारियों से समन्वय किया जाए। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने विभागीय गतिविधियों व बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की। डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि ने मिड डे मील के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान सीबीईओ ओमदत्त सारण, उमेश जाखड़, सुनीता पूनिया, संदीप व्यास, बबलेश शर्मा, बाबूलाल बुनकर, बाबूलाल शर्मा, रियाज अली, नरेन्द्र उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।